# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025






**SHOWROOMS: CHHATTISGARH:** RENAULT **RAIPUR** Ph: 7290017983. RENAULT **AMBIKAPUR** Ph: 8448989107. RENAULT **BILASPUR** Ph: 8448989103. RENAULT **BHILAI** Ph: 7290017807. RENAULT **DHAMTARI** Ph: 7838724613. RENAULT **JAGDALPUR** Ph: 7428297117. RENAULT **KORBA** Ph: 9319184879. RENAULT **RAJNANDGAON** Ph: 7428438931.



# विपक्ष के साथ पक्ष वालों ने भी घेरा, अजय, मूणत और धरम दिखा रहे तेवर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में मंत्रियों को विपक्ष के साथ अपने विधायकों से भी मोर्चा लेना पड़ रहा है। जहां एक तरफ नेता प्रतिपक्ष चरण दास महंत और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बजट सत्र में मंत्रियों को जमकर घेर रहे हैं वहीं सत्ता पक्ष की ओर से धरमलाल कौशिक, अजय चंद्राकर, राजेश मूणत, सुशांत शुक्ला के धारदार सवालों के आगे मंत्री घिर रहे हैं। हालत यह है कि अपने ही विधायकों के धारधार सवालों चलते मंत्रियों को जांच की घोषणा तक करनी पड़ी है। विधानसभा का बजट सत्र 24 फरवरी से शुरू हुआ। सत्र के दौरान भारतमाला प्रोजेक्ट, सीजीएमएससी में दवा खरीदी घोटाला, पीएम आवास योजना, सर्पदंश के मुआवजे में फर्जीवाड़ा, स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट और शहर का नया मास्टर प्लान बनाने में गड़बड़ी, जल जीवन मिशन के कार्यों में लापरवाही जैसे मामलों पर जोरदार बहस हुई है। विधानसभा सत्र के दौरान प्रश्नकाल के दौरान यह देखा गया कि उनके सवालों पर कई बार मंत्री घिरते नजर आए। वहीं कुछ मामलों में नए विधायकों ने अपने तेवर दिखाए। पूरे सत्र के दौरान राजस्व, लोक निर्माण, आवास पर्यावरण, खाद्य, स्वास्थ्य, पीएचई और गृह विभाग के सवालों पर अधिकतर जांच की घोषणा करनी पड़ी।

### कौशिक ने उठाया-जमीन आवंटन का मामला

सत्ता पक्ष के विधायक धरम लाल कौशिक ने सत्र के दौरान कई मामले उठाए। उन्होंने अमलीडीह की शासकीय भूमि के आबंटन में अफसरों और बिल्डरों की साठगांठ का मामला सदन में उठाया। मामले ने राजस्व मंत्री से राजधानी रायपुर से लगे एक गांव में गोचर की जमीन आवंटन पर तीखे आरोप लगाए। उन्होंने भ्रष्ट अफसरों पर कार्रवाई के संबंध में भी सवाल उठाए। पिछले सरकार के दौरान किए गए गड़बड़ियों को सदन में उठाने का साहस दिखाया।

### कांग्रेस से महंत-भूपेश संभाल रहे मोर्चा



### महंत ने भारतमाला पर उठाए सवाल

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने छत्तीसगढ़ में राजनांदगांव से आरंग तक भारतमाला प्रोजेक्ट में बांटे गउ मुआवजे पर गड़बड़ी का मामला उठाया। उन्होंने अधिकारियों पर अधिसूचना जारी होने के बाद खेल कर केंद्र सरकार के राशि का बंदरबांट करने का आरोप लगाया। वहीं जल जीवन मिशन के खर्च पर भी सवाल उठाए। उनका सीधा आरोप था कि आधा बजट खर्च किया गया। ठेकेदारों को भुगतान नहीं होने से मिशन का कार्य अधूरा है। वहीं उन्होंने धान खरीदी के बाद अतिशेष धान को नीलाम किए जाने जैसे मुद्दों पर सरकार का ध्यान खींचा।

### बघेल भी मंत्रियों पर पड़े भारी

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भी अपने कार्यकाल के दौरान किए गए कार्यों को छिपाने का आरोप सदन में लगाया। उन्होंने पीएम ग्रामीण आवास योजना के तहत आरोप लगाया कि सरकार ने 18 लाख आवास देने के दावे में पिछली सरकार के कार्यों को छिपाया है। धान की नीलामी से प्रदेश को 8 हजार करोड़ रुपए के नुकसान की बात उठाई।

### मूणत ने शहर के मास्टर प्लान पर उठाए सवाल

सत्ता पक्ष के विधायक राजेश मूणत ने बजट सत्र में रायपुर शहर से संबंधित मुद्दों पर सवाल उठाए। उन्होंने आरोप लगाया कि भूमाफिया को मदद करने पिछली सरकार ने बड़े पैमाने पर लैंड यूज बदला था। शहर के नए मास्टर प्लान में कई खामियों को सरकार के सामने लाया। बिल्डरों के साथ सांठगांठ कर बनाए जाने का आरोप लगाया। गृह निर्माण समितियों के बायलॉज में संशोधन का मुद्दा उठाया, तीन माह पहले जो जवाब आया वहीं जवाब आने पर नाराजगी जताई। वहीं उन्होंने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में कराए गए कार्यों को लेकर भी सवाल उठाया।

### अजय ने कई मामलों में सरकार को घेरा

सत्ता पक्ष के विधायक अजय चंद्राकर बिना ने स्वास्थ्य विभाग में बिना जरूरत और बिना डिमांड के ही रीएजेंट की सप्लाई पर सवाल उठाए। वहीं जलजीवन मिशन के तहत स्रोत विहीन स्थानों का मुद्दे पर भी उन्होंने अपने ही मंत्री को घेरा। साथ ही अमृत मिशन योजना के अधूरे कामों को लेकर भी मंत्री को निरूत्तर कर दिया। वहीं धर्मांतरण के मुद्दे को लेकर तीखे सवाल किए। उन्होंने बस्तर में हो रहे धर्मांतरण पर चिंता जताई और इसके लिए सरकार से कठोर कदम उठाने की मांग की।

---

## खबर संक्षेप



### मुख्यमंत्री विष्णुदेव ने सांसदों से लिया फीडबैक

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन में सांसद महेश कश्यप, श्रीमती कमलेश जांगड़े एवं श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सांसदों से अपने-अपने संसदीय क्षेत्रों में विकास योजनाओं की प्रगति और आवश्यकताओं पर फीडबैक लिया। उन्होंने केंद्र सरकार से जुड़ी आवश्यक पहल को प्राथमिकता देने की बात कही। इस दौरान सांसदों ने मुख्यमंत्री श्री साय से राज्य के विकास, केंद्र-राज्य समन्वय और क्षेत्रीय आवश्यकताओं को लेकर चर्चा की।

### विधानसभा परिसर में स्वास्थ्य शिविर आज से




**रायपुर।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्मृति चिकित्सालयद्वारा विधानसभा परिसर में तीन दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन 18 मार्च से किया जाएगा। शिविर का शुभारंभ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में किया जाएगा। शिविर 18 मार्च से 20 मार्च तक चलेगा। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में भेषज रोग मेडिसिन विभाग, स्त्री रोग, अस्थि रोग, नाक, कान एवं गला रोग, चर्म रोग, शल्य रोग, मनोरोग, दंत रोग एवं नेत्र रोग से संबंधित बीमारियों का परीक्षण विशेषज्ञ डाक्टर करेंगे। शिविर में सोनोग्राफी, ई.सी.जी., उच्च रक्तचाप, मधुमेह, समस्त रक्त जांच एवं जनरल चेकअप की जांच सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### 5 किग्रा का प्रेशर कंटेनर आईईडी किया बरामद



**गीदम।** 195वीं बटालियन केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल की एफ व जी कम्पनी, बटालियन वाईपी एवं बीडीडीएस टीम के जवान बारसूर-पल्ली मार्ग पर स्थित मुख्यालय कैम्प से बोदली कैम्प सीआरपीएफ तक राजीव कुमार, कमांडेन्ट के नेतृत्व में निकले थे। बटालियन बीडीडीएस टीम को सर्चिंग के दौरान थाना मालेवाही से सातधार की तरफ लगभग 2 किमी की दूरी पर मुख्य सड़क से लगभग 15 मी अंदर घने जंगल में लगभग 5 किग्रा का प्रेशर कंटेनर आईईडी दिखाई पड़ा। कमाण्डेंट के आदेश पर द्वितीय कमान अधिकारी सुभाश चंद प्रसाद तथा विक्रांत वर्मा, संजीव कुमार यादव, सहा कमांडेंट व थाना प्रभारी मालेवाही विमल रॉय की उपस्थिति में बीडीडीएस टीम द्वारा मौके पर ही निष्क्रिय किया गया। सुरक्षा बलों को नुकसान पहुँचाने के मंसूबे से आमदई एरिया कमेटी द्वारा लगाया गया था। सभी जवान सुरक्षित कैम्प वापस लौट आये हैं।

---

### बिलासपुर- झारसुगुड़ा के बीच चल रहा है काम, 206 किमी लंबी रेल लाइन बिछाई जा रही

# चौथी लाइन के लिए रोके जाएंगे 46 ट्रेनों के पहिए, कुछ बदले रुट से चलेंगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

खास खबर

रेल प्रशासन ने पिछले पांच वर्षों में बिलासपुर से झारसुगुड़ा चौथी लाइन, बिलासपुर से कटनी मुरवारा सेक्शन के बीच पेण्ड्रारोड, अनूपपुर से कटनी तीसरी लाइन, रायपुर से नागपुर के बीच चौथी लाइन का कार्य करने के लिए 7 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर करोड़ों की संख्या में यात्रियों का सफर प्रभावित किया है। रेलवे के अनुसार अधोसंरचना का कार्य पूरा होने के बाद यात्री गाड़ियों के आवागमन समय सारिणी के साथ होने पर यात्रियों को सुविधा मिलेगी, लेकिन वर्तमान में यात्री ट्रेनो के रद्द होने से हलाकान हो रहे हैं। बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच तीसरी और चौथी रेल लाइन एक महत्वपूर्ण व व्यस्त रेल मार्ग है। इसकी कुल लंबाई 206 किलोमीटर है, जिसे 2100 करोड़ रुपए की लागत से बनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत रायगढ़ से झारसुगुड़ा सेक्शन में कोतरलिया रेलवे स्टेशन को चौथी लाइन से जोड़ने का कार्य 11 से 23 अप्रैल तक किया जाएगा। इस कार्य के कारण कुछ गाड़ियों का परिचालन प्रभावित होगा और कार्य के पूर्ण होने के बाद गाड़ियों के परिचालन में गतिशीलता आएगी।

> 2100 करोड़ रुपए की लागत से बिलासपुर से झारसगुड़ा सेक्शन के बीच 206 किलोमीटर चौथी रेल लाइन सहित अन्य कार्य किए जा रहे हैं, जिसके कारण पूर्व के साथ अब 11 से 23 अप्रैल तक लोकल मेमू, एक्सप्रेस सहित 36 ट्रेनों के पहिए रोकने का आदेश जारी कर दिया गया है। वहीं चार गाड़ियों का परिचालन डायवर्ट रूट से करने और अन्य गाड़ियों को बीच में समाप्त करने का निर्णय लिया गया है।

### ये ट्रेनें रहेंगी रद्द

इसमें मुख्य रूप से 11 अप्रैल से 5 मई तक 68861/68862 गोंदिया-झारसुगुड़ा और झारसुगुड़ा-गोंदिया मेमू पैसेंजर स्पेशल बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच, 9, 10, 12, 14, 15, 16, 17, 19, 21, 22 अप्रैल को 12410 निजामुद्दीन-रायगढ़ गोंड़वाना एक्सप्रेस बिलासपुर से रायगढ़ के बीच और 11, 12, 14, 16, 17, 18, 19, 21, 23 व 24 अप्रैल को 12409 रायगढ़-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस रायगढ़ से बिलासपुर के बीच रद्द की जाएगी।



### प्रभावित होने वाली ट्रेनें

- 11 से 24 अप्रैल तक 68737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू
- 11 से 24 अप्रैल तक 68738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू
- 10 से 23 अप्रैल तक 68736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू
- 10 से 23 अप्रैल तक 68735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू
- 10 से 23 अप्रैल तक 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 11 से 24 अप्रैल तक 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस
- 11 से 24 अप्रैल तक 18109 टाटानगर इतवारी एक्सप्रेस
- 11 से 24 अप्रैल तक 18110 सुभाषचंद्र बोस इतवारी एक्सप्रेस
- 16 एवं 23 अप्रैल को 20828 संतरागाछी-जबलपुर एक्सप्रेस
- 17 एवं 24 अप्रैल को 20827 जबलपुर-संतरागाछी एक्सप्रेस
- 11, 15, 18, 22, 25 अप्रैल को 17008 दरभंगा एक्सप्रेस
- 8, 12, 15, 19, 22 अप्रैल को 17007 सिकंदराबाद एक्सप्रेस
- 12 एवं 19 अप्रैल को 20822 संतरागाछी-पुणे एक्सप्रेस
- 14 एवं 21 अप्रैल को 20821 पुणे-संतरागाछी एक्सप्रेस
- 10, 14, 17, 21 अप्रैल को 12880 भुवनेश्वर-कुर्ला एक्सप्रेस
- 12, 16, 19, 23 अप्रैल को 12879 कुर्ला-भुवनेश्वर एक्सप्रेस
- 11 एवं 18 अप्रैल को 22843 बिलासपुर-पटना एक्सप्रेस
- 13 एवं 20 अप्रैल को 22844 पटना-बिलासपुर एक्सप्रेस
- 11 एवं 18 अप्रैल को 12870 हावड़ा-मुम्बई एक्सप्रेस रद्द।
- 13 एवं 20 अप्रैल को 12869 मुम्बई-हावड़ा एक्सप्रेस रद्द।
- 9, 10, 16, 17 अप्रैल को 12151 एलटीटी-शालीमार एक्सप्रेस
- 11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12152 शालीमार-एलटीटी एक्सप्रेस
- 10 एवं 17 अप्रैल को 22894 हावड़ा-सांईनगर शिरडी एक्सप्रेस
- 12 एवं 19 अप्रैल को 22893 सांईनगर शिरडी-हावड़ा एक्सप्रेस
- 11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12812 हटिया-एलटीटी एक्सप्रेस
- 13, 14, 20, 21 अप्रैल को 12811 एलटीटी-हटिया एक्सप्रेस
- 11 एवं 24 अप्रैल को 12129 पुणे-हावड़ा आजाद हिंद एक्सप्रेस
- 11 एवं 24 अप्रैल को 12130 हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस
- 11 एवं 24 अप्रैल को 12859 मुंबई-हावड़ा गीतांजली एक्सप्रेस
- 11 एवं 24 अप्रैल को 12860 हावड़ा-मुम्बई गीतांजली एक्सप्रेस
- 10, 12, 17, 19 अप्रैल को 12222 हावड़ा-पुणे दूरंतो एक्सप्रेस
- 12, 14, 19, 21 अप्रैल को 12221 पुणे-हावड़ा दूरंतो एक्सप्रेस
- 9, 10, 16, 17 अप्रैल को 12905 पोरबंदर-शालीमार एक्सप्रेस
- 11, 12, 18, 19 अप्रैल को 12906 शालीमार-पोरबंदर एक्सप्रेस
- 11, 12, 14, 15, 18, 19, 21, 22 अप्रैल को 12101 एलटीटी-शालीमार ज्ञानेश्वरी एक्सप्रेस

### परिवर्तित मार्ग से चलेंगी ये ट्रेनें

इस दौरान परिवर्तित मार्ग से चलने वाली गाड़ियों में 11 से 24 अप्रैल तक 12810 हावड़ा-मुम्बई मेल एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग झारसुगुड़ा-टिटलागढ़, रायपुर होकर, 11 से 24 अप्रैल तक 12809 मुम्बई-हावड़ा मेल एक्सप्रेस रायपुर, टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर, 11, 14, 15, 16, 18, 21, 22, 23 अप्रैल को 12262 हावड़ा-मुंबई दूरंतो एक्सप्रेस झारसुगुड़ा, टिटलागढ़, रायपुर होकर, 13, 15, 16, 17, 20, 22, 23, 24 अप्रैल को 12261 मुंबई-हावड़ा-दूरंतो एक्सप्रेस टिटलागढ़, झारसुगुड़ा होकर चलाई जाएगी। इसके कारण ट्रेन रायगढ़ से बिलासपुर और बिलासपुर से रायपुर के बीच रद्द रहेगी।

---

### दो की मौके पर ही मौत

## कार ने दरबा में सड़क किनारे टहल रहे 7 लोगों को रौंदा





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जीजामगांव

ग्राम दरबा में एक तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ने सड़क किनारे टहल रहे 7 लोगों को रौंद दिया। इस घटना में 2 लोगों की मौके पर मौत हो गई, जबकि 5 लोग घायल हो गए। घायलों में से 1 की मौत अभनपुर हॉस्पिटल में हो गई। दुर्घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की जांच कर रही है।



■ चार गंभीर रूप से घायलों का इलाज जारी

यह पूरा मामला पुलिस थाना कुरूद के अन्तर्गत बिरेझर चौकी क्षेत्र के ग्राम दरबा का है। तेजरफ्तार स्कॉर्पियो क्रं. सीजी 04 एलई 7333 ने सड़क किनारे टहल रहे 7 लोगों को रौंद दिया। मौके पर ही 2 लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। तीसरे की अभनपुर हॉस्पिटल में मौत हो गई। घटना में 4 लोग घायल हो गए। इन सभी को नजदीकी अभनपुर अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है। मृतकों में भावेश साहू पिता कौशल साहू 21 वर्ष, गोलू यादव पिता प्रीतम यादव उम्र 24 वर्ष, बिलेश्वर सपहा पिता किशुन सपहा 20 वर्ष शामिल हैं। वहीं डीगु यादव पिता प्रहलाद यादव, पुष्कर निर्मलकर पिता कन्हैया निर्मलकर, नरेंद्र यादव पिता धनसिंह यादव घायल हुए हैं।

---

### गैंगस्टर जोश को मुंगेर से दिलाया था हथियार

# पिस्टल दिलाने वाले का महादेव सट्टा कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हरिभूमि लगातार

एकाउंटर में मारे गए गैंगस्टर अमित जोश को पिस्टल दिलाने वाला रुआबांधा रिसाली निवासी अपराधी प्रखर चंद्राकर की गिरफ्तारी के बाद पुलिस को कई अहम सुराग हाथ लगे है। प्रखर चंद्राकर को लेकर खुलासा हुआ है कि इसका कनेक्शन महादेव सट्टे से है। अब पुलिस इससे जुड़े लोगों की जानकारी खंगालने में जुटी हुई है। पुलिस ने बताया कि आरोपी प्रखर चंद्राकर अमित जोश के जेल से छुटकर आने के बाद इसके संपर्क में आया है। लेकिन अमित जोश और उसका जीजा प्रखर से रंगदारी का डिमांड करने लगे। विवाद के बाद प्रखर चंद्राकर को अमित जोश और उसका जीजा सेक्टर 5 मकान में ले जाकर जमकर पिटाई की थी। इसके बाद आरोपी प्रखर चंद्राकर ने मुंगेर से पिस्टल खरीदकर अमित जोश को दिया था। अपने को बचाने के लिए मुकुल सोना, रौशन स्टारलीन के गैंग में जुड़ गया। आरोपी प्रखर उन्हें भी रुपए पैसे देकर खुश किया करता था। इस तरह प्रखर चंद्राकर अपना नेटवर्क बढ़ाते हुए ऑनलाइन महादेव सट्टा से जुड़ गया। पुलिस पूछताछ में इससे जुड़े कारोबारियों का नाम उसने पुलिस को बताया दिया है। अब उनके खिलाफ पुलिस जांच शुरु कर दिया है। बताया तो यह भी जा रहा है आरोपी प्रखर चंद्रकार कई महंगे कार, सोना चांदी के जेवरात भी खरीदा है। इसके अलावा इसके बैंक खातों को खंगालने पर पुलिस को बड़ा क्लू मिल सकता है।

### पुलिस को मिला बड़ा सुराग, जल्द होगा बड़ा खुलासा


गैंगस्टर जोश को पिस्टल दिलाने वाला बीएसपी कर्मी और भाजपा नेत्री का पुत्र गिरफ्तार

### कारोबारी ने चुनाव में खर्च किया ढाई करोड़

मिली जानकारी के मुताबिक हाल ही में हुए निकाय चुनाव में कारोबारी ने ढाई करोड़ रुपए खर्च कर दिया। कारोबारी महादेव सट्टा मामले में पुलिस रिकार्ड में फरार है। जिसका कार्यालय अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में है। पुलिस के खौफ के बिना शहर में घूमता हुआ आसानी से देखा जा सकता है। जामुल पुलिस ने वर्ष 2022 में महादेव सट्टे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की थी जिसमें सिर्फ चेतन जोशी को पकड़ा गया था। उसके बाद से रिकार्ड में फरारी कारोबारी धर्मेन्द्र जायसवाल समेत अन्य लोग है। इसमें 15 लोगों को नाम और जुड़ा है। जबकि धर्मेन्द्र जायसवाल शहर में ही घूमता दिखता है। पुलिस नहीं पकड़ पाई है।

### मुंगेर से खरीदी थी पिस्टल

प्रखर मामले में पुलिस जांच कर रही है। गैंगस्टर को मुंगेर से संदिग्ध पिस्टल खरीद कर दिया। आरोपी को लेकर कई जानकारी पुलिस के हाथ लगी है।पुलिस बारिकी से जांच कर इससे जुड़े लोगों पर कार्रवाई करेगी।

-सत्य प्रकाश तिवारी, सीएसपी भिलाई नगर

---

### मोबाइल से बात करते, चलते ट्रक से गिरे युवक की मौत

**महासमुंद।** चलती ट्रक का दरवाजा खोलकर मोबाइल से बात कर रहे युवक की गिरने से मौत हो गई। सांकरा पुलिस ने बताया कि अमनदीप सिंह पिता जसबीर सिंह (24 साल) निवासी वार्ड नं 1 सिमबल कैंप जम्मू प्रदेश जम्मू कश्मीर की जांच की गई। 14 मार्च को ट्रक क्रमांक सीजी 04 एचडब्लू 7054 में कटक से आयरन गोटी लोडकर भिलाई एनएच 53 रोड से आ रहे थे। ट्रक को अजय भीकाजी राठौड चला रहा था और ट्रक में नितिन भिकाजी, राजा खोबरागडे एवं अमनदीप सिंह ट्रक के सामने साइड में बैठे थे। अमनदीप ट्रक के बांये साइड के दरवाजा को खोलकर अपने मोबाइल फोन से बात करते-करते ग्राम भगतदेवरी तुलसी ढाबा के पास नीचे गिर गया। चक्कों की चपेट में आने से उसका सिर कुचल गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

---

# राज्य के 'स्वास्थ्य सचिव' का 'निज सचिव' बन अफसर- कर्मियों से लाखों की वसूली!

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कवर्धा

जिले के स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों को अज्ञात मोबाइल नम्बरों से कॉल कर तथा उन्हें डरा-धमकाकर एवं उनके विरूद्ध विभागीय कार्रवाई की धमकी देकर लाखों रुपए की अवैध वसूली का सनसनीखेज मामला सामने आया है। मामले का खुलासा होने के बाद अब इसकी लिखित शिकायत छत्तीसगढ़ प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ जिला कबीरधाम ने कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक से कर कार्रवाई की मांग की है। संघ से मिली जानकारी के अनुसार बीते करीब चार माह से जिले के स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों यहां तक की मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तक को अज्ञात मोबाइल नम्बरों से कॉल कर



यह कहा जा रहा है कि वह छत्तीसगढ़ राज्य के स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया का निज सचिव बात कर रहा है। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारियों से कहा जाता था कि उनके खिलाफ लगातार शिकायतें प्राप्त हो रहीं हैं और उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसी कार्यवाही का डर दिखाकर विभागीय अमले से पैसे की मांग की जाती थी। एक जानकारी के मुताबिक फर्जी कॉल के जरिए जिले के कई चिकित्सकों व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों को लाखों रुपए का चूना लगाया जा चुका है।

### ये हो चुके हैं शिकार

संघ ने बताया कि 4 मार्च 2025 को अज्ञात नंबर 9109492420 से किसी महिला द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र भिभौरी के प्रभारी मदन सिंह को कॉल करके स्वयं को स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया का निज सचिव बताया गया एवं प्रभारी को डराकर पैसे की मांग की गई। इसी प्रकार स्वास्थ्य विभाग की अनामिका पटेल, प्रभात गुप्ता,तथा बीएल राज सीएमएचओ सहित अन्य कई फर्जी कॉल का शिकार हो चुके हैं। पीड़ितों द्वारा इसकी जानकारी संघ को दी।

### एफआईआर करेंगे दर्ज

मामला संज्ञान में आया है। अज्ञात लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जाएगी। आरोपियों को जल्द से जल्द पकड़ा जाएगा।

-धमेन्द्र सिंह, एसपी, कबीरधाम

---

### परीक्षा के समय लाइट काटने से सभी को हो रही परेशानी

# 3 दिन से गांव में बिजली नहीं होने से नाराज ग्रामीणों का विद्युत दफ्तर के गेट पर धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

हरिभूमि सरोकार

परीक्षाएं जारी है, गांव में 3 दिन से बिजली नहीं। ट्रांसफार्मर जल जाने और लो वोल्टेज से होने वाली विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय के समीपस्थ ग्राम नांदगांव के ग्रामीणों ने सोमवार को बिजली विभाग के आला अधिकारियों को दफ्तर में घेरा। ग्रामीण विभाग के ईई दफ्तर के मुख्य दरवाजे के सामने बैठ गए और मांग पूरी किए जाने की मांग करते रहे। आक्रोशित ग्रामीणों को देख अफसर दफ्तर से नदारद हो गए। बाद सहायक कार्यपालन अभियंता के आश्वासन पर ग्रामीण शांत हुए। देर शाम पिथौरा से ट्रांसफार्मर मंगाया गया जिसके बाद समस्या में सुधार हुआ।



3 घंटे तक डटे रहे ग्रामीण : बिजली कटौती, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर बार-बार जल जाने से लंबे समय से परेशान आक्रोशित नांदगांव के ग्रामीणों ने सोमवार को कार्यपालन अभियंता कार्यालय का करीब 3 घंटे तक घेराव कर मुख्य गेट पर बैठ कर विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस बीच अफसर दफ्तर से गायब हो गए। मौके पर पहुंची सिटी कोतवाली पुलिस ग्रामीणों को समझाइश देती रही। लेकिन, ग्रामीण और किसान अपनी मांग पर अड़े रहे।

### पिथौरा से मंगा रहे ट्रांसफार्मर

सहायक कार्यपालन अभियंता बीके टंडन ने धरने पर बैठे किसान और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि 63 केवी ट्रांसफार्मर अभी लगाने भेजा जा रहा है। शाम तक पिथौरा से एक और 100 केवी ट्रांसफार्मर मंगाया जा रहा है।

### यह कहा ग्रामीणों ने

सरपंच भारत गेंड्रे, योगेश पप्पू पटेल, युवराज पटेल, वेदप्रकाश पटेल, तीजू धीवर, किशन पटेल, हरिशचंद्र पटेल, तोरण पटेल, मिलाप पटेल, भूषण पटेल, तुकाराम पटेल ने बताया कि लंबे समय से गांव में बिजली कटौती, लो वोल्टेज और ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण आए दिन परेशानियों का सामना करना पड़ता है। गर्मी में सबसे ज्यादा पेयजल की समस्या हो रही है। वहीं 10वीं, 12वीं की परीक्षाएं चल रही है। कटौती और लो वोल्टेज से छात्र-छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शिकायत की गई, लेकिन समस्या का समाधान नहीं किया।


# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, मंगलवार 18 मार्च 2025







# बच्चे फेल न हों इसलिए 'सिस्टम' को किया फेल, किताबें खोलकर नकल!

## हर तरफ नकल, बोर्ड में लिखा आंसर कई जगह शिक्षक बताते नजर आए

विकास चौबे ▸▸| बिलासपुर

करीब 15 साल बाद शुरू हुई पांचवी-आठवीं की केन्द्रीकृत परीक्षा एक तरह से औपचारिकता ही साबित हुई। पहले दिन पांचवी के गणित पेपर से हुई इस परीक्षा की शुरुआत में कहीं शिक्षक ही छात्र को नकल कराते नजर आए तो कहीं बोर्ड पर उत्तर लिखकर शिक्षिकाएं छात्रों को गणित के सवाल हल करते नजर आई। यहां तक कि मस्तूरी ब्लाक के मानिकपुर स्कूल में तो पूरा स्कूल ही गणित के किताब खोलकर बैठा था। यहां दो कक्षाओं में 54 छात्र परीक्षा दे रहे थे। इसके अलावा लिंगियाडीह, मोपका और चिंगराजपारा में कुछ शिक्षक छात्रों के साथ टेबल पर बैठकर सवाल हल करते दिखाई दिए।

हरिभूमि की टीम जब मौके पर पहुंची तो इन स्कूलों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में व्यवस्था ठीक करने की कोशिश की गई लेकिन वह कैमरे की नजर से नहीं बच सके। इस बारे में जिला शिक्षा अधिकारी अनिल तिवारी का कहना है कि मामला गंभीर है। जांच के बाद कार्रवाई जरूर होगी। छत्तीसगढ़ में 12 साल बाद ▸▸|शेष पेज 3 पर

### कुछ स्कूलों में बच्चे आपस में कॉपियों की अदला-बदली करते रहे




### हर जगह नकल के हालात मिले

चिंगराजपारा स्कूल में शिक्षिकाएं बोल-बोलकर प्रश्न के उत्तर लिखवा रहीं थे तो कहीं बच्चे आपस में कॉपियों की अदला-बदली कर रहे थे। हरिभूमि की टीम ने पूछा तो बताया गया कि उत्तर नहीं प्रश्न बता रहे थे। इसके साथ ही लिंगियाडीह स्कूल में नकल के हालात मिले। बच्चे न केवल एक दूसरे से बतियाते दिखाई दिए बल्कि इनके बीच कॉपियों का आदान-प्रदान होते हुए भी देखा गया। इतना ही नहीं इस स्कूल के एक कमरे में एक शिक्षक छात्र के साथ टेबल पर बैठकर सवाल हल करता दिखाई दिया। पूछने पर बताया गया कि बच्चे को सवाल समझ नहीं आ रहा था।

### कार्रवाई जरूर होगी

शिकायत मिलने के बाद तीन और फ्लाइंग स्क्वाड की टीम गठित की गई है। इस तरह से आठ टीमें हो गईं हैं। ब्लाक स्तर पर बीईओ और एबीईओ अलग से जांच कर रहे हैं। यह बोर्ड परीक्षा बच्चों के मूल्यांकन के लिए है। इसमें नकल कराना या करना गंभीर मामला है। जांच कराते हुए कार्रवाई जरूर होगी।

- **अनिल तिवारी,** जिला शिक्षा अधिकारी

## जमीन पर रोल नंबर, टाटपट्टी पर दिलाई जिंदगी की पहली 'परीक्षा'

रुचि वर्मा ▸▸| रायपुर

12 साल बाद लौटे पांचवी बोर्ड एग्जाम का सोमवार को पहला पर्चा गणित का था। बच्चे सवाल सुलझाने पहुंचे और स्कूल प्रबंधन इंतजामों से जुड़े उत्तर ढूंढते रहे। हरिभूमि की टीम ने कई स्कूलों के इर्द-गिर्द जायजा लिया। आत्मानंद विद्यालयों सहित शहर के भीतर स्थित स्कूलों में तो फर्नीचर सहित अन्य व्यवस्थाएं पर्याप्त रूप से थी, लेकिन आउटर में बच्चे टाटपट्टी पर बैठकर पर्चे हल करते नजर आए। बच्चों के रोल नंबर जमीन पर लिखे गए थे। कुछ स्कूलों में चॉक से रोल नंबर लिखे गए तो कुछ स्कूलों में कागज पर रोल नंबर लिखकर जमीन पर चिपकाया गया। शासकीय प्राथमिक शाला नरदहा, आमासिवनी, मोवा सहित विधानसभा रूट के सभी स्कूलों की यही स्थिति रही। कुछ स्कूलों के बच्चों से बातचीत में उन्होंने मासूमियत के साथ स्वीकार किया कि पर्चा हल करने में टीचर्स ने मदद की। ▸▸|शेष पेज 3 पर




- पांचवी की परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ, आठवीं की आज से
- शहरी स्कूलों में ही फर्नीचर की व्यवस्था, आउटर में जमीन पर बैठे दिखे नन्हे

फोटो : अजय साहू

### परीक्षा के बाद मध्यान्ह भोजन

छात्रों को परीक्षा समाप्त होने के बाद मध्यान्ह भोजन भी वितरित किया गया। भाठागांव से सटे गांवों में भी कमोबेश यही स्थिति रही। खुड़मुडा रोड स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में छात्र मध्यान्ह भोजन के बाद पीने के ▸▸|शेष पेज 3 पर

### निजी विद्यालयों में पर्याप्त व्यवस्थाएं

प्रदेश में सरस्वती शिशु मंदिर के 1100 विद्यालय हैं। इनके साथ लगभग 20 से 30 फीसदी निजी स्कूल इस परीक्षा में शामिल हुए हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष राजीव गुप्ता के मुताबिक, न्यायालयीन ▸▸|शेष पेज 3 पर

## इधर, अजब-गजब, परीक्षा देने वाली छात्रा एक, निगरानी में दो शिक्षक, एक केंद्राध्यक्ष

टेकचंद कारडा ▸▸| तखतपुर

पांचवीं बोर्ड परीक्षा के दौरान केन्द्रों से अधिकांश स्टूडेंट गायब रहे। इक्का दुक्का परीक्षार्थियों के लिए भी केंद्राध्यक्ष के साथ दो शिक्षकों की ड्यूटी लगाई गई थी। परीक्षार्थी किसी परीक्षा केंद्रों में कुर्सी टेबल में बैठे तो किसी में जमीन पर बैठकर परीक्षा दिला रहे थे। परीक्षा केंद्रों में एक ही प्रश्न को हल करते हुए भी परीक्षार्थी मिले। यही नहीं कुछ केन्द्रों में एक छात्र के लिए शिक्षकों और केन्द्राध्यक्षों की ड्यूटी लगाई गई थी।

इसी तरह तखतपुर विकासखण्ड के ग्राम कठमुड़ा के एक कमरे में अकेली छात्रा खुशबू कौशिक बैठकर प्रश्न पत्र हल कर रही थी। शिक्षिका रजनी उर्मलिया ने बताया कि स्कूल में पांचवीं कक्षा में एक ही छात्रा है जो उपस्थित है। केंद्राध्यक्ष के रूप में सुनील कुमार ध्रुव एवं शिक्षक रमाकांत कुर्रे ये तीनों परीक्षा केंद्र में एक छात्रा की परीक्षा के लिए ड्यूटी में लगे थे। इसके साथ ही तखतपुर विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम देवतरी प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले छात्र अरमान कुर्रे पेपर देने तो घर से निकला लेकिन स्कूल नहीं पहुंचा। तीन घंटे तक ▸▸|शेष पेज 3 पर

### पांचवी की बोर्ड परीक्षा देने छात्रों में रुचि नहीं



### 22 में छह गायब

इसी तरह टिकरीपारा प्राथमिक शाला में 22 में 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। ग्राम पंचायत चोरमा के प्राथमिक शाला में जब हरिभूमि की टीम पहुंची तब सभी परीक्षार्थी एक ही प्रश्न को हल कर रहे थे। कक्षा में 6 परीक्षार्थी बैठे थे। कठमुड़ा में एक परीक्षार्थी परीक्षा दिला रही थी, वहीं प्राथमिक शाला गाड़ाघाट में 6 परीक्षार्थी जमीन में बैठकर परीक्षा ▸▸|शेष पेज 3 पर


# सीएम साय पहुंचे दिल्ली, शाह से मुलाकात में नक्सल मुद्दे पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने देर शाम केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। श्री साय ने नई पुनर्वास एवं आत्मसमर्पण नीति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस्तर में नक्सलवाद समाप्ति की ओर है। सरकार की सख्त नीतियों और सुरक्षा बलों की प्रभावी रणनीति के चलते नक्सल प्रभावित इलाकों में शांति लौट रही है।

बैठक में नक्सलवाद को पूरी तरह खत्म करने, बस्तर के विकास को तेज करने और पर्यटन व आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री श्री साय ने ▸▸|शेष पेज 3 पर

### पीएम मोदी से भी करेंगे मुलाकात



### नड्डा से भी मुलाकात संभव

दिल्ली दौरे में मुख्यमंत्री की भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से भी मुलाकात संभव है। उनका 24 मार्च को रायपुर दौरा संभावित है। इसी दिल्ली राष्ट्रपति का भी रायपुर आगमन हो रहा है। इस मुलाकात के बाद यह भी स्पष्ट हो जाएगा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का कब आना होगा। संभावना है कि उनका रायपुर आना टल सकता है।

### बिलासपुर आगमन पर होगी चर्चा

साय की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात होगी। पीएम 30 मार्च को बिलासपुर आने वाले हैं। इसी दौरे को लेकर पीएम के साथ मुख्यमंत्री की चर्चा होगी। दिल्ली रवाना होने से पहले मुख्यमंत्री से मंत्रिमंडल विस्तार और निगम, मंडल में नियुक्तियों को लेकर कहा, इंतजार करें, जल्द होगा।

# टोका-टाकी से नाराज आईटीबीपी के जवान ने एसआई के सीने, माथे में उतार दी 15 गोलियां

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खरोरा स्थित आईटीबीपी की 38-बी बटालियन में यूनिफार्म में कमी (टर्न आउट) विवाद ने ऐसा तूल पकड़ा कि एक जवान ने एसआई को गोलियों से छलनी कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद मौके पर उपस्थित जवानों ने आरोपी को कड़ी मशक्कत के बाद काबू कर रस्सी में बांधा और पुलिस को घटना की जानकारी दी। घटना सोमवार सुबह साढ़े आठ बजे की है। घटना के समय परेड की तैयारी चल रही थी।

पुलिस के अनुसार आईटीबीपी के बिहार, बक्सर निवासी जवान सरोज कुमार यादव ने हरियाणा निवासी देवेंद्र सिंह दहिया की गोलियों से ▸▸|शेष पेज 3 पर

### कुल 18 राउंड फायरिंग में दो मिस फायर हुआ

मृतक जवान



आरोपी जवान



■ घटना स्थल पर उपस्थित जवानों में मशक्कत के बाद सिपाही को पकड़कर खंभे से बांधा गया



### देवेंद्र को लगा माफी मांगेगा


सरोज घटना दिनांक को सुबह परेड के समय परेड स्थल से कुछ दूर एक कोने में चुपचाप बैठा था। उसने देवेंद्र को अपनी तरफ आते देखा। इस दौरान देवेंद्र को लगा कि सरोज उससे पूर्व की घटना को लेकर माफी मांगेगा और वह, सरोज जहां बैठा था, वहां जाने लगा। देवेंद्र, सरोज के ▸▸|शेष पेज 3 पर

# कुपवाड़ा में मारा गया आतंकी

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर में कुपवाड़ा जिले के जचलदारा इलाके में सोमवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक अज्ञात आतंकवादी मारा गया। अधिकारियों ने बताया कि इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने जचलदारा के क्रुम्हूरा गांव में घेराबंदी की और



तलाश अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि इसी दौरान आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर गोलीबारी कर दी जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि जवाबी गोलीबारी में एक आतंकवादी मारा गया और घटनास्थल से कुछ हथियार एवं गोला-बारूद बरामद किए गए हैं।



## खबर संक्षेप

### जस्टिस बागची ने सुप्रीम कोर्ट के जज की ली शपथ

**नई दिल्ली।** न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची ने सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। भारत के चीफ जस्टिस संजीव खन्ना ने प्रथम न्यायालय में आयोजित समारोह में बागची को शपथ दिलाई। बागची हाईकोर्ट के न्यायाधीशों की संयुक्त अखिल भारतीय वरिष्ठता में 11वें स्थान पर हैं।

### रान्या की जमानत पर सुनवाई 19 तक टली

**मुंबई।** गोल्ड स्मगलिंग केस में कन्नड़ एक्ट्रेस रान्या राव की जमानत याचिका पर सेशन कोर्ट में सुनवाई 19 मार्च तक स्थगित कर दी गई। कोर्ट ने डीआरआई के वकील को 19 मार्च तक आपत्तियां दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## तीन महीने तक पैसों का करवाते रहे ट्रांजैक्शन

# डिजिटल अरेस्ट कर 86 साल की महिला से ठगे 20 करोड़!

एजेंसी ▸▸| मुंबई

मुंबई में एक 86 साल की महिला से ठगों ने 20 करोड़ से ज्यादा की ठगी कर ली। ये ठग खुद को पुलिस अधिकारी बताकर महिला को डराते रहे और तीन महीने तक पैसों का ट्रांजैक्शन करवाते रहे। 26 दिसंबर 2024 से 3 मार्च 2025 के बीच महिला को फोन पर बताया गया कि उनके आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल हुआ है। ठगों ने खुद को पुलिस अधिकारी बताकर उन्हें कानूनी कार्रवाई की धमकी दी और परिवार पर भी असर पड़ने की बात कही। डर के माहौल में उन्होंने महिला को डिजिटल अरेस्ट में डाल दिया, जिससे वह किसी से कॉन्टेक्ट न कर सकें। इस दौरान उन्होंने महिला से करोड़ों रुपए अलग-अलग खातों में ट्रांसफर करवा लिए।

### दो आरोपी गिरफ्तार

पुलिस ने बताया कि शायन जमील शेख और राजिक आजम बट नाम के दो आरोपी युवकों को पकड़ा है। दोनों की उम्र महज 20 साल है। शायन जमील शेख मुंबई मलाड (वेस्ट) का रहने वाला है। राजिक मीरा रोड (ईस्ट) का रहने वाला है। ये दोनों किसी अंतरराष्ट्रीय गिरोह का हिस्सा हो सकते हैं। जांच में पता चला है कि दोनों ने मिलकर 13 विदेशी लोगों का एक टेलीग्राम ग्रुप बनाया। फिर ठगी के लिए भारतीय बैंक खातों की डिटेल्स साझा कीं। अब ये दोनों इस गिरोह के प्यादे हैं या मास्टरमाइंड, ये जांच पूरी होने पर पता चलेगा।



**ठग कैसे सफल हो जाते हैं? :** भले ही साइबर अपराध को लेकर जागरूकता बढ़ रही हो, फिर भी कई लोग इसका शिकार बन रहे हैं। एक्सपर्ट का कहना है कि ठग मनोवैज्ञानिक रणनीतियों से लोगों को भ्रमित कर देते हैं। वे खुद को पुलिस अधिकारी या सरकारी एजेंट बताकर कहते हैं कि आपके नाम पर गैरकानूनी काम होने का फ्रॉड करते हैं। वे सख्त लहजे में बात कर पीड़ित को डराते हैं और तत्काल कार्रवाई करने को मजबूर कर देते हैं। कॉलर आईडी स्पूफिंग के जरिए वे असली सरकारी नंबर जैसा दिखाने की कोशिश करते हैं। वे पीड़ित को अच्छा नागरिक कहकर या नकली पुलिस स्टेशन का बैकग्राउंड दिखाकर भरोसा जीतते हैं।

### कैसे बचें ऐसे फ्रॉड से?

- अनजान कॉल पर सतर्क रहें और किसी भी संदिग्ध कॉल की पहचान करने की कोशिश करें।
- डिजिटल अरेस्ट जैसा कुछ नहीं होता, अगर कोई आपको इस तरह की धमकी दे, तो नजरअंदाज करें।
- कभी भी आधार, बैंक डिटेल्स या ओटीपी जैसी निजी जानकारी फोन पर शेयर न करें।
- अगर कोई सरकारी अधिकारी होने का दावा करे, तो उसकी पहचान खुद वेरिफाई करें।
- ऐसे किसी भी कॉल को तुरंत काट दें और साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत करें।

# क्यों हमेशा सूर्य की दिशा में होता है सूरजमुखी का मुंह?



नई दिल्ली। सूरजमुखी का फूल अपनी सुंदरता और अनोखे गुणों के लिए जाना जाता है। यह सबसे बड़े आकार के फूलों में से एक है। सूर्य की रोशनी में इस फूल की सुंदरता और बढ़ जाती है। इस फूल की खास बात यह है कि इसका मुख हमेशा सूर्य की दिशा में होता है। यानी, जिस दिशा से सूर्य की किरणें आती हैं, उसी दिशा में सूरजमुखी का फूल भी घूमता है। यह दृश्य बहुत मनमोहक होता है। सूरजमुखी के फूल के नाम से ही स्पष्ट है कि यह सूरज की ओर मुख वाला फूल है। ध्यान देने वाली बात यह है कि ऐसा सभी फूलों के साथ नहीं होता, सिर्फ सूरजमुखी के साथ ही होता है।

## ऑक्सिन: विकास में सहायक



हेलिओट्रोपिज्म के कारण ऑक्सिन नामक एक हार्मोन होता है। ऑक्सिन पौधों के विकास में सहायक होता है। जब सूर्य का प्रकाश एक तरफ से सूरजमुखी के तने पर पड़ता है, तो ऑक्सिन तने के छाया वाले हिस्से में जमा हो जाता है। ऑक्सिन की उच्च सांद्रता तने के छाया वाले हिस्से को तेजी से बढ़ने का कारण बनती है, जिससे फूल सूर्य की ओर मुड़ जाता है।



### जैविक घड़ी

सूरजमुखी के फूल में एक आंतरिक जैविक घड़ी भी होती है जो हेलिओट्रोपिज्म में भूमिका निभाती है। जैविक घड़ी को बायोलॉजिकल क्लॉक भी कहते हैं। यह घड़ी फूल को यह जानने में मदद करती है कि दिन का कौन सा समय है और सूर्य किस दिशा में है। जैविक घड़ी फूल को रात में पूर्व की ओर वापस लौटने और अगले दिन सूर्योदय के लिए तैयार रहने में भी मदद करती है।

### सूरजमुखी के लाभ

सूरजमुखी न केवल सुंदर होते हैं, बल्कि उनके कई लाभ भी हैं। वे तेल, बीज और जैव ईंधन का एक महत्वपूर्ण स्रोत हैं। सूरजमुखी के फूल परागणकों को आकर्षित करते हैं, जो अन्य पौधों के प्रजनन में मदद करते हैं। इसके अलावा, सूरजमुखी के पौधे मिट्टी से विषाक्त पदार्थों को हटाने में भी मदद करते हैं।

## रोचक खबरें



### साथी की मौत पर रोने लगा हाथी 25 साल तक थे साथ-साथ

**मास्को**। रूस में एक सर्कस हाथी का वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने 25 साल के साथी को खोकर गहरे शोक में डूबा हुई दिखाई दे रहा है। जेनी और मैग्डा नाम की ये दोनों हाथियां लगभग 25 साल से एक-दूसरे के साथ थे और हाल ही में रिटायरमेंट का जीवन जी रहे थे। इसी बीच जेनी अचानक गिर गई और उसकी मौत हो गई. इस घटना के बाद मैग्डा का व्यवहार देखकर हर किसी का दिल दहल गया. वीडियो में देखा जा सकता है कि मैग्डा ने पहले जेनी को धक्का दिया और उसे उठाने की कोशिश की। यह एक ऐसी कोशिश थी, जो उसने अपने साथी को खोने के दर्द से बचने के लिए की। जब उसकी कोशिश नाकाम हो गई, तो मैग्डा ने जेनी को गले लगा लिया और उसके पास खड़ा होकर अंतिम विदाई दी। ऐसा लगा मानो वो भावुक होकर रो रहा हो। यह मार्मिक वीडियो देख आप भी भावुक हो जाएंगे। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मैग्डा कई घंटों तक जेनी के आसपास ही रहा और पशु चिकित्सकों को भी उसके पास जाने नहीं दिया। सोशल मीडिया पर यह वीडियो देखकर लोग भावुक हो गए। एक यूजर ने लिखा, 'प्यार की कोई सीमा नहीं होती।

### बचपन से नहीं खाया अन्न, फिर भी स्वस्थ हैं 23 साल की कृष्ण

**लखनऊ**। कहा जाता है कि अगर जन्म से कोई अलौकिक शक्ति के साथ पैदा होता है, तो उसे भगवान का अवतार माना जाता है। कुछ ऐसा ही जीवन अलीगढ़ की एक लड़की जी रही है। यहां अलीगढ़ के सरसौल इलाके में रहने वाली 23 साल की कृष्ण शर्मा ने अपने अनोखे आहार और जीवनशैली से सबको हैरत में डाल दिया है। उनका दावा है कि जन्म से लेकर अब तक उन्होंने कभी



अन्न ग्रहण नहीं किया, फिर भी वह पूरी तरह स्वस्थ और सक्रिय है। उनकी यह जीवनशैली चिकित्सा और विज्ञान की दुनिया के लिए एक रहस्य बनी हुई है। कृष्ण शर्मा की ये असाधारण कहानी न केवल उनके परिवार और पड़ोसियों के लिए चौंकाने वाली है, बल्कि चिकित्सा विशेषज्ञों और शोधकर्ताओं को भी सोचने पर मजबूर कर रही है। जहां आम इंसान के लिए अन्न ऊर्जा और पोषण का मुख्य स्रोत माना जाता है, वहीं कृष्ण की जीवनशैली इस धारणा को चुनौती देती है। कृष्ण शर्मा ने बताया कि उन्होंने बचपन से ही अन्न नहीं खाया। वह केवल फल और जूस पर जीवन यापन करती हैं। उनका कहना है कि अगर वह अन्न से बना कुछ भी खाती हैं, तो उनकी तबीयत बिगड़ जाती है। एक बार उनके पिता ने उन्हें रोटी खिलाने की कोशिश की थी, जिससे उनकी तबीयत इतनी खराब हो गई कि उन्हें अस्पताल में भर्ती होना पड़ा।

### 10 दिन तक बिस्तर पर लेटकर करें आराम, बदले में मिलेंगे लाखों रुपए, एजेंसी का अनोखा ऑफर

**न्यूयार्क**। स्पेस एजेंसी ने लोगों को एक अनोखा ऑफर दिया है, जिसमें प्रतिभागी को 10 दिन के लिए लेटना होगा और बदले में उसे खूब खाना-पीना मिलेगा. यह एजेंसी के प्रयोग का एक हिस्सा है। यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी अपनी 10 दिन की एक एक स्टडी के लिए प्रतिभागियों को 4.27 लाख का भुगतान करने के लिए तैयार है। इस स्टडी में प्रतिभागियों को सिर्फ लेटना है और कुछ भी नहीं करना है। स्पेस एजेंसी का कहना है कि यह एक्सपेरिमेंट विवाल्डी



एक्सपेरिमेंट के लिए तीसरे और आखिरी अभियान के हिस्से के रूप में फ्रांस के टूलूज में मेड्स स्पेस क्लीनिक में किया जा रहा है। इस एक्सपेरिमेंट में प्रतिभागी को 10 दिनों के लिए एक पानी के बिस्तर पर लेटने के लिए कहा गया है। इस दौरान यह बिस्तर पर तैरने जैसा अनुभव देगा, जिससे स्पेस में गुरुत्वाकर्षण की स्थिति को समझा जाएगा। 10 दिनों तक प्रतिभागी इसी अवस्था में रहेंगे। यहां उन्हें एक तकिया मिलेगा और फ्लोटिंग बोर्ड में ही खाना दिया जाएगा। वहीं, उन्हें शैचालय के लिए भी ट्रॉली पर लेटाकर ले जाया जाएगा। इस दौरान प्रतिभागी किसी से मुलाकात नहीं कर पाएंगे। हालांकि, वे परिजनों से बात करने के लिए मोबाइल फोन रख सकते हैं। एक्सपेरिमेंट के दौरान प्रतिभागियों को जिस बाथटब वाले बिस्तर पर लेटाया जाएगा। वे वॉटरप्रूफ कपड़ों से ढके होंगे। इससे वे सूखे रहेंगे। इस दौरान प्रतिभागी पानी में डूबने से ऊपर और पानी के ऊपर हाथ और सिर रखते हुए बिना किसी फइजिकल सपोर्ट के तैरने का अनुभव करेंगे।

# सूरज की रोशनी जरूरी नहीं!

## समंदर की गहराई में मिल गई डार्क ऑक्सीजन, विज्ञान जगत में खलबली

न्यूयार्क। आप जानते होंगे कि धरती पर ऑक्सीजन का आधा उत्पादन समुद्री क्षेत्र से आता है। पौधे, शैवाल आदि प्रकाश संश्लेषण करते हैं। इसमें सूरज के रोशनी की सबसे ज्यादा अहमियत होती है, लेकिन अब समुद्र के नीचे बेड पर एक दिलचस्प खोज हुई है। अब तक हम यही पढ़ते रहे हैं कि ऑक्सीजन के बनने में सूरज की रोशनी का अहम रोल है। हालांकि, गहरे समुद्र में खोजी गई 'डार्क ऑक्सीजन' जीवन के नए रहस्य से पर्दा उठा सकती है। प्रशांत महासागर में काफी नीचे गहराई में यह खोज हुई है। हालांकि, वैज्ञानिक इस पर एकमत नहीं हैं। अगर यह सच साबित हुआ तो खोज क्रांतिकारी होगी।

### अंधेरे में ऑक्सीजन?


सवाल यह है कि क्या समुद्र के सबसे गहरे, अंधेरे क्षेत्रों में धातु की चट्टानें सूरज की रोशनी के अभाव में भी ऑक्सीजन बना सकती हैं? कुछ वैज्ञानिक ऐसा मानते हैं, लेकिन कुछ दूसरे साइंटिस्ट इस दावे को चुनौती दे रहे हैं। उनका मानना है कि समुद्र तल में सूरज की रोशनी के बगैर तथाकथित 'डार्क ऑक्सीजन' नहीं बन सकती है। यह खोज पिछली जुलाई में जर्नल नेचर जियोसाइंस में प्रकाशित हुई है। इसने पृथ्वी पर जीवन की उत्पत्ति के बारे में लंबे समय से चली आ रही धारणाओं पर सवाल उठाया है और वैज्ञानिक बहस को भी जन्म दे दिया है। ये निष्कर्ष माइनिंग कंपनियों के लिए भी महत्वपूर्ण है जो इन पॉलिमेटैलिक नॉड्यूल्स में पाए जाने वाली कीमती धातुओं के निकालने के लिए उत्सुक रहती हैं।

### प्रशांत महासागर में काफी नीचे गहराई में हुई है यह खोज



### खोज में क्या निकला?

शोधकर्ताओं का कहना है कि आलू के आकार के नॉड्यूल्स (गांठ) समुद्र के पानी को हाइड्रोजन और ऑक्सीजन में बांटने के लिए आवश्यक इलेक्ट्रिकल करंट पैदा कर सकते हैं। इस प्रक्रिया को इलेक्ट्रोलिसिस कहते हैं। यह लंबे समय से स्थापित उस सोच पर संदेह करता है जिसमें कहा जाता रहा है कि जीवन तब संभव हुआ जब जीवों ने प्रकाश संश्लेषण के माध्यम से ऑक्सीजन का उत्पादन शुरू किया। यह बात लगभग 2.7 अरब साल पहले की है। स्कॉटिश एसोसिएशन फॉर मरीन साइंस ने शोध के प्रकाशन पर कहा है कि गहरे समुद्र की यह खोज जीवन की उत्पत्ति पर सवाल उठाती है।





### खनन से पारिस्थितिक तंत्र को हो सकता है गंभीर नुकसान

पर्यावरणविदों ने कहा है कि डार्क ऑक्सीजन होने से पता चलता है कि इतनी गहराई में जीवन के बारे में बहुत कम जानकारी है। उन्होंने इस बात का भी समर्थन किया कि गहरे समुद्र में खनन से पारिस्थितिक तंत्र को गंभीर नुकसान हो सकता है। कई संगठन प्रशांत महासागर में माइनिंग का विरोध करते रहे हैं। प्रशांत महासागर में सतह के नीचे चार किमी समुद्र तल पर बिखरे हुए पॉलीमेटैलिक नोड्यूल्स में मैंगनीज, निकल, कोबाल्ट और इलेक्ट्रिक कार बैटरी में उपयोग की जाने वाली कई धातुएं होती हैं।

# 99 फीसदी लोग गलत तरीके से पका रहे दाल थाली में आने से पहले कम हो जाती है पौष्टिकता

नई दिल्ली। कमजोरी-थकान, विटामिन की कमी दूर करने के लिए दाल काफी असरदार है। यह शरीर को जरूरी ताकत देती है और वजन संतुलित रखने में भी मदद करती है। लेकिन, डाइटिशियन का कहना है कि लोग इसे गलत तरीके से पकाते हैं, जिससे इसकी ताकत बर्बाद हो जाती है। मॉडर्न होने के साथ हमारी आदतों में कई बदलाव आए हैं। पहले के मुकाबले हमारा जीवन ज्यादा आसान और सुविधाजनक हो गया है। लेकिन यह चीज कुछ जगहों पर नुकसान भी कर सकती है, जैसा कि कभी-कभी खाने-पीने में देखा जाता है। आजकल पेट की भूख मिटाना काफी आसान हो गया है और स्वादिष्ट भी, लेकिन कई बार इन टेस्टी फूड से बीमारियां भी लग जाती हैं।




### प्रेशर कुकर में दाल पकाना है गलत

जल्दी पकाने के लिए आजकल हर कोई दाल को प्रेशर कुकर में बनाता है। लेकिन, डाइटिशियन ऋचा के मुताबिक यह सही तरीका नहीं है। इस हीट और प्रेशर के कारण कई सारे विटामिन और मिनरल दाल से चले जाते हैं। अगर आप प्रेशर कुकर की जगह मिट्टी की हांडी या बर्तन में दाल पकाएं तो सबकुछ बदल जाता है।

### ज्यादा ताकत के लिए ऐसे पकाएं दाल

जब मिट्टी के बर्तन में खाना पकाते हैं तो आंच की गर्मी धीरे-धीरे फैलती है और दाल के सारे पोषक तत्व उसी में रहते हैं। यह दाल का फ्लेवर बढ़ाने में भी मदद करता है। हमारे बुजुर्ग और पूर्वज भी मिट्टी के बर्तन में खाना पकाते थे। इस तरीके से मिट्टी में मौजूद मिनरल भी मिल जाते हैं, जो आपकी सेहत के लिए बहुत बढ़िया साबित हो सकते हैं। यह दाल को जल्दी पचाने में मदद करता है।



### दाल में डालें ये चीज

इस जानकारी के अलावा दाल के डायजेशन को बढ़ाने के लिए कई और काम किए जा सकते हैं, जैसे कि मसालों का इस्तेमाल करना। अरहर, उड़द जैसी दालें पेट के लिए भारी होती हैं। इसलिए किसी भी दाल के साथ हींग, जीरा, हल्दी, काली मिर्च जैसे मसालों का इस्तेमाल जरूर करें। यह आपके डायजेशन को सुधारने में काफी मददगार होते हैं।

### दाल खाने के फायदे

दाल एक सुपरफूड है, जो शाकाहारी लोगों के लिए प्रोटीन का प्रमुख स्त्रोत है। यह वेट लॉस में मदद करती है और विटामिन बी, आयरन, कैल्शियम, पोटैशियम, कॉपर, मैंगनीज, फाइबर देती है। दिल, दिमाग, किडनी और लिवर के लिए भी इसे बहुत अच्छा माना जाता है।

### अंतरिक्ष में शराब से भरा पड़ा है ये बादल देखकर वैज्ञानिक भी रह गए दंग



**वॉशिंगटन**। हमारे वैज्ञानिक अंतरिक्ष से जुड़े रहस्यों को सुलझाने में लगे रहते हैं। यहां पर सितारों और ग्रहों के साथ किसी न किसी चीज की खोज होती है रहती है। अगर हम आपको बताएंगे की हमारे अंतरिक्ष में शराब के बादल हैं तो शायद आप चौंक जाएंगे, हालांकि, ये सच बात है। अंतरिक्ष में अल्कोहल का एक विशाल बादल पाया गया है।

**शराब का बादल** : एक रिपोर्ट के मुताबिक हमारे अंतरिक्ष के बाहरी क्षेत्र में शराब का एक विशाल बादल है। यह बादल डब्ल्यू3 (ओएच) नाम के एक इलाके में स्थित है, जो हमारे सौर मंडल से तकरीबन 6,500 प्रकाश पर्व दूर है। शराब के इस बादल में मिथाइल अल्कोहल पाया गया है, जिसे वुड अल्कोहल के तौर पर जाना जाता है, हालांकि यह शराब लकड़ी से नहीं बनाई जाती है। इस बादल में थोड़ी मात्रा में इथाइल अल्कोहल भी पाई गई है, जो थोड़ी पीने योग्य है।

#### एस्ट्रोफिजिकल मेसर की घटना

भले ही अंतरिक्ष में शराब के बादल का अस्तित्व आपको सुनने में आपको बेहद आश्चर्यजनक लगता हो, लेकिन यह वास्तव में बेहद सामान्य है। अंतरिक्ष में कई जटिल मॉलीक्यूल्स का निर्माण होता है। इनमें अल्कोहल भी शामिल है। यह बेहद ही साधारण मॉलीक्यूल है, जो हाइड्रोजन, कार्बन और ऑक्सीजन जैसे तत्वों से बनता है। अल्कोहल बादल में एक बेहद दिलचस्प घटना होती है, जिसे एस्ट्रोफिजिकल मेसर नाम से जाना जाता है।

## 22 वर्ष की उम्र तक माता-पिता की सहमति से ही शादी का लागू हो नियम

# लव मैरिज की तो जिंदा बेटी का छपवाया शोक पत्र, कर दिया पिंडदान!

**उज्जैन**। उज्जैन जिले की खाचरोद तहसील के ग्राम घुड़ावन में एक अजीब मामला सामने आया है। जहां एक परिवार ने अपनी बेटी मेघा गरगामा को मरा हुआ मानते हुए पिंडदान और शांति भोज का आयोजन कर डाला। इतना ही नहीं, परिवार ने शोक पत्रिका भी छपवाई और पूरे विधि-विधान से कार्यक्रम संपन्न किया। प्रत्यक्षदर्शी भरत कांकर के अनुसार, मेघा गरगामा ने अपने प्रेमी दीपक (पिता मदनलाल बैरागी, निवासी घिनोदा) के साथ भागकर शादी कर ली थी। जब परिवार के लोग उसे वापस लाने पहुंचे, तो उसने पुलिस थाने पर उन्हें पहचानने से इंकार कर दिया। इससे नाराज होकर परिवार ने उसकी शोक पत्रिका छपवा दी और 16 मार्च को उसकी अंतिम क्रिया, पिंडदान और शांति भोज का आयोजन किया।




### सरकार से की गई मांग

भरत कांकर ने कहा कि भविष्य में ऐसी घटनाएं ना हों, इसके लिए सरकार को कोई नियम बनाना चाहिए। उन्होंने सुझाव दिया कि 22 वर्ष की उम्र तक माता-पिता की सहमति से ही शादी का नियम लागू हो। उन्होंने कहा कि माता-पिता अपने बच्चों के भविष्य के लिए कभी बुरा नहीं सोचते, लेकिन बड़े होने के बाद बच्चे उन्हें भूल जाते हैं, जो गलत है।

### कन्यादान की जगह कर दिया पिंडदान

लड़की के परिजनों ने कहा कि उनकी बेटी उनके लिए मर चुकी है, क्योंकि उसने एक गलत फैसला लिया है। उन्होंने बताया कि जिस बेटी के कन्यादान के सपने देखे थे, अब उसी का पिंडदान करना पड़ रहा है।

### शोक संदेश हो रहा वायरल

बेटी की शादी से नाराज परिवार ने 16 मार्च को पिंडदान और भोज किया. इस कार्यक्रम की शोक पत्रिका सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। शोक संदेश में लिखा है – 'अत्यंत दुख के साथ लिखना पड़ रहा है कि वरदीराम जी की पुत्री एवं रघुनंदन की छोटी बहन मेघा का स्वर्गवास 15 मार्च शनिवार को हो गया। जिनकी आत्मशांति हेतु उत्तरकार्य निम्नानुसार रखा गया है।'

रायपुर
मंगलवार, 18 मार्च 2025
चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी
वर्ष : 23, अंक : 239
पृष्ठ : 12+4+4+8 = 28 मूल्य : 5.00**

मौसम
अधि. 39.6
न्यून. 26.2

# हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



4 मां रवीना संग 'उई अम्मा' पर किया डांस

विचार पेज
2 संघ की समावेशी सोच से रूबरू विश्व

haribhoomi.com

# आत्मानंद स्कूलों में सूखा, फंड नहीं मिल रहा, क्लास रूम में कहीं प्लास्टर उखड़ रहा तो कहीं पंखे बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित दसवीं-बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं जारी हैं। उड़नदस्तों को दशकों पहले की तरह नकल प्रकरण तो नहीं मिल रहे हैं, लेकिन अजीबो-गरीब तरह की समस्याएं सामने आ रही हैं। ऐसी समस्याएं जिनका निराकरण सामान्यतः बोर्ड परीक्षाओं के पूर्व विद्यालय स्तर पर कर दिया जाता रहा है, लेकिन इस बार यह संभव नहीं हो सका। यह स्थिति प्रदेशभर के स्वामी आत्मानंद विद्यालयों की है। सत्ता परिवर्तन के बाद इन विद्यालयों को पूर्व की तरह फंड नहीं मिल रहा है। गौरतलब है कि पूर्व में आत्मानंद विद्यालयों को पांच लाख की राशि अनुदान के रूप में प्रतिवर्ष प्राप्त होती थी। इस वर्ष प्रथम किस्त के रूप में 80 हजार ही दिए गए। इसके बाद एक लाख रुपए की राशि जनवरी में प्रदान की गई।

इस राशि से बिजली बिल, चॉक-डस्टर सहित अन्य अत्यंत मूलभत कार्य पूर्ण किए गए। इसके अतिरिक्त अन्य कार्यों पर पैसे खर्च नहीं किए जा सके। इसके चलते उखड़े हुए प्लास्टर, बेंच की टूट-फूट, ब्लैकबोर्ड की मरम्मत जैसे काम नहीं हो सके हैं। दसवीं-बारहवीं की परीक्षा के दौरान आत्मानंद विद्यालयों को भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। निरीक्षण के लिए पहुंच रही उड़नदस्ते की टीम को यहां नकल प्रकरण की बजाय बदहाली की शिकायतें मिल रही हैं। छत्तीसगढ़ में अभी 279 स्वामी आत्मानंद विद्यालय संचालित हैं, जिनमें 247 अंग्रेजी माध्यम और 32 हिंदी माध्यम के स्कूल शामिल हैं।

### मंडल सदस्य ने पूछा तो कहा-पैसे नहीं

बीते दिनों माध्यमिक शिक्षा मंडल की एक टीम निरीक्षण के लिए नरहदा पहुंची। यहां के स्वामी आत्मानंद विद्यालय में प्लास्टर और जमीन के टाइल्स उखड़े हुए मिले। मंडल टीम ने जब इसे बच्चों के लिए खतरनाक बताते हुए व्यवस्था ठीक नहीं किए जाने का कारण पूछा तो प्रबंधन ने पैसे नहीं होने का हवाला दिया। कई अन्य स्कूलों में यही स्थिति रही। ना सिर्फ राजधानी बल्कि अन्य जिलों के स्कूलों में भी यही हालात हैं। परीक्षा के दौरान वॉशरूम की उचित व्यवस्था ना होने की शिकायत भी विद्यार्थी प्रबंधन से कर चुके हैं।

## आत्मानंद विद्यालयों को नहीं मिला है फंड, आर्थिक तंगी के बीच 10वीं-12वीं के पर्चे

### वार्षिकोत्सव आवेदन का ढेर

*इधर, रायपुर सहित अन्य जिला शिक्षा कार्यालयों में वार्षिकोत्सव आयोजित कराने के लिए फंड संबंधित आवेदनों के ढेर लगे हुए हैं। चूंकि अब परीक्षाएं चल रही हैं, इसलिए ये अर्जी बेकार चली जाएंगी। आत्मानंद विद्यालयों में मिलने वाले फंड के माध्यम से वार्षिकोत्सव का आयोजन कराया जाता था। राशि नहीं मिलने 80 प्रतिशत स्कूलों में वार्षिकोत्सव का आयोजन भी नहीं हो सका है। जिन 20 प्रतिशत स्कूलों में आयोजन हुए हैं, वहां यो छोटे स्तर पर वार्षिकोत्सव हुए हैं* ▶▶| शेष पेज 3 पर





### प्राचार्यों का खत-फीस लेने दें

स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में फीस नहीं लिए जाने के कारण सर्वाधिक दिक्कतों से सामना प्राचार्यों को करना पड़ रहा है। वे अपने स्तर पर कई तरह की समस्याओं से जूझ रहे हैं। राजधानी रायपुर सहित कई जिलों के प्राचार्यों द्वारा जिला शिक्षा कार्यालय को खत लिखा जा चुका है। इसमें उन्होंने कहा है कि उन्हें यदि अनुदान प्रदान नहीं किया जा रहा है तो कम से कम फीस लेने की अनुमति प्रदान की जाए ताकि मूलभूत व्यवस्थाएं की जा सकें।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पुआल में आग लगने से चार बच्चे जिंदा जले

**चाईबासा।** झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले में सोमवार को एक मकान के पास रखे पुआल में आग



लगने से चार बच्चों की जलकर मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रिंस चतर (5), साहिल सिंकू (5), भूमिका सुंडी (5) और रोहित सुंडी (2) के रूप में की गई।

### ट्रक और बाइक की टक्कर, दो की मौत

**महाराजगंज।** उत्तर प्रदेश के महाराजगंज जिले में एक ट्रक और मोटरसाइकिल की टक्कर होने से



दोपहिया वाहन पर सवार दो लोगों की मौत हो गई। यह दुर्घटना रविवार रात महाराजगंज-गोरखपुर मार्ग पर हुई। मृतकों की पहचान गंगेश (25) और उसके दोस्त मिथलेश यादव (22) के रूप में की गई है।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री देबेंद्र प्रधान का निधन

**भुवनेश्वर।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में मंत्री रहे भाजपा के वरिष्ठ नेता



देबेंद्र प्रधान का सोमवार को निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। उनके पुत्र धर्मेन्द्र प्रधान, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली मौजूदा केंद्र सरकार में शिक्षा मंत्री हैं। भाजपा की ओडिशा इकाई के पूर्व अध्यक्ष देबेंद्र प्रधान ने नई दिल्ली में अंतिम सांस ली।

### तमिल अभिनेत्री बिंदु घोष नहीं रहीं

**नई दिल्ली।** तमिल सिनेमा की जानी-मानी अभिनेत्री बिंदू घोष का चेन्नई के एक अस्पताल में



निधन हो गया। वह 76 साल की थीं। घोष को 'कोजहि कूवुथु' और 'कलाथुर कन्नम्मा' जैसी फिल्मों में उनके दमदार अभिनय के लिए जाना जाता था। वह अपने नृत्य कौशल के लिए भी मशहूर थीं।

### हवाई अड्डे पर 8.47 करोड़ का सोना जब्त, 5 गिरफ्तार

**मुंबई।** मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने यहां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर चार अभियानों के दौरान हवाई



अड्डे के तीन निजी कर्मियों समेत पांच लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 10 किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया है, जिसकी कीमत करीब 8.47 करोड़ रुपए है। अधिकारियों ने बताया कि ये जब्तियां 13 से 15 मार्च के बीच की गईं।

## औरंगजेब पर घमासान, कब्र तोड़ने विहिप और बजरंग दल की चेतावनी

# पहरे में औरंगजेब की कब्र, नागपुर में पुलिस पर पथराव, कई गाड़ियां फूंकीं

*महाराष्ट्र में औरंगजेब की कब्र को लेकर सियासत गरमा गई है। कार सेवकों ने महाराष्ट्र सरकार को चेतावनी दी है कि अगर सरकार द्वारा कब्र को नहीं हटाया जाएगा तो हम अयोध्या बाबरी मस्जिद की तरह खुद हटा देंगे। इसके बाद औरंगजेब की कब्र की सुरक्षा बढ़ा दी गई। इधर, नागपुर के महाल इलाके में दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान उपद्रवियों ने पुलिस पर पत्थर फेंके और कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया।*

एजेंसी ▶▶| नागपुर/छत्रपति संभाजीनगर

औरंगजेब की कब्र को लेकर विवाद के बीच महाराष्ट्र के नागपुर के महाल इलाके में सोमवार शाम दो गुटों में हिंसक झड़प हो गई। इस दौरान उपद्रवियों ने कई वाहनों को आग के हवाले कर दिया। पथराव किया और सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया, जिससे स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। पत्थरबाजी से कई पुलिसवाले भी जख्मी हुए हैं। फिलहाल हालात नियंत्रण में हैं,

नागपुर में तनाव की स्थिति है, एक समुदाय ने पुलिस पर पत्थरबाजी की। इसके बाद पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े। पत्थरबाजी में कई जवान घायल हो गए। ये हिंसा उन दावों के बाद हुई, जिनमें मुस्लिम संगठनों ने आरोप लगाया कि विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल समेत कुछ हिंदू संगठनों के सदस्यों ने एक विरोध प्रदर्शन के दौरान एक कपड़े को जलाया, जिस पर धार्मिक बातें लिखी हुई थीं। ये विरोध संभाजीनगर में मुगल शासक औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर किया गया था। यहा अतिरिक्त बल तैनात किया गया है।





**खास बातें**
- मुगल सम्राट की कब्र को हटाने विहिप-बजरंग दल की चेतावनी
- अबू आजमी के बयान से शुरू हुआ था बवाल

### औरंगजेब का जलाया पुतला

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने सोमवार को प्रदर्शन किया। दक्षिणपंथी संगठनों के कार्यकर्ता महल क्षेत्र में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा के पास एकत्र हुए, नारे लगाए और औरंगजेब का पुतला जलाया।



### फडणवीस ने की शांति की अपील

नागपुर की हिंसक झड़प को लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शांति की अपील की है। उन्होंने कहा कि नागरिक इस स्थिति में प्रशासन का पूरा सहयोग करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम लगातार पुलिस प्रशासन के संपर्क में हैं और नागरिकों को उनका सहयोग करना चाहिए। देवेन्द्र फडणवीस ने किसी भी अफवाह पर यकीन न करने और प्रशासन का पूरा सहयोग करने की अपील की है।

### 15 जवान घायल 17 हिरासत में

हिंसा की घटना के बाद 17 लोगों को हिरासत में लिया गया है। करीब 12 से 15 पुलिसकर्मी घायल बताए जा रहे हैं। 4-5 नागरिक भी पत्थरबाजी में घायल हुए हैं। अफवाहें फैलने से रोकने के लिए साइबर पुलिस की मदद ली जा रही है। 25-30 दोपहिया वाहन जलाए गए हैं, जबकि 2 से 3 कारें को भी फूंका गया है। गौरतलब है कि समाजवादी पार्टी नेता अबू आजमी के बयान से शुरू हुआ बवाल थमता नहीं दिख रहा। इसकी सियासी आहट अब कई राज्यों तक पहुंच गई है। इस बयान के लिए अबू आजमी को सदन से निलंबित भी कर दिया गया था।

### कारसेवा की चेतावनी के बाद तगड़ी सुरक्षा

विश्व हिंदू परिषद ने खुल्दाबाद में औरंगजेब की कब्र को हटाने के लिए दिन में विभिन्न सरकारी कार्यालयों पर विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपे। छत्रपति संभाजीनगर ग्रामीण पुलिस विभाग ने खुल्दाबाद शहर के प्रवेश बिंदू से लेकर कब्र स्थल तक कई स्थानों पर सुरक्षा नाके स्थापित किये हैं। यहां एक अधिकारी ने बताया कि राज्य रिजर्व पुलिस बल की 50 पुलिसकर्मियों की एक कंपनी, स्थानीय पुलिस के 30 जवान और 20 होमगार्ड के जवानों को विभिन्न स्थानों और कब्र स्थल पर तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि अब कब्र पर आने वाले पर्यटकों को होमगार्ड की एक टीम के पास रखे आगंतुक रजिस्टर में अपना नाम लिखना होगा और पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। कब्र स्थल की देखरेख करने वाले परवेज कबीर अहमद ने कहा, यहां स्थिति शांतिपूर्ण है और लोगों को अफवाहों पर ध्यान नहीं देना चाहिए।

## 28 लाख के 9 ईनामी सहित 19 माओवादियों ने किया आत्मसमर्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

पामेड़ एरिया कमेटी के 28 लाख के 9 इनामी सहित 19 माओवादियों ने आज आत्मसमर्पण किया है। इनमें 8-8 लाख के ईनामी देवा पदम ने पत्नी के साथ समर्पण किया है।

आत्मसमर्पण करने वाले माओवादियों में पीएलजीए बटालियन के पीपीसीएम-2, पामेड़ एरिया कमेटी के एसीएम-1, एओबी डिवीजन की प्लाटून नम्बर 1 की पार्टी सदस्या, मिलिशिया प्लाटून कमांडर -1, जनताना सरकार अध्यक्ष-1, डीएकेएमएस अध्यक्ष-4, मिलिशिया प्लाटून डिप्टी कमांडर-2, जनताना ▶▶| शेष पेज 3 पर

### 20 नक्सलियों ने किया समर्पण

एओबी डिवीजन सहित पामेड़ एरिया कमेटी के कुल 20 माओवादियों ने 17 मार्च को पुलिस उप महानिरीक्षक केरिपु बीजापुर देवेन्द्र सिंह नेगी , पुलिस अधीक्षक बीजापुर डॉ. जितेन्द्र कुमार यादव, कमांडेंट 222 विरेन्द्र सिंह, कमांडेंट 85वी बटालियन केरिपु सुनील कुमार राही, कमांडेंट 196 वी बटालियन केरिपु कुमार मनीष, कमांडेंट 229 वी बटालियन केरिपु चंदम बॉबी सिंह, कमांडेंट 210 कोबरा ▶▶| शेष पेज 3 पर

### इन पर था लाखों का ईनाम

देवा पदम 30 वर्ष निवासी कोरसागुड़ा पदमपारा थाना बासागुड़ा बटालियन नम्बर 1 पीपीसीएम, ईनाम -8 लाख, वर्ष 2007 से सक्रिय, दुले कलमू 28 वर्ष निवासी कोरसागुड़ा पदमपारा थाना बासागुड़ा बटालियन नम्बर 1 के कंपनी नम्बर 1 की पार्टी सदस्य, ईनाम 8 लाख, वर्ष 2018 से सक्रिय, सुरेश कटटाम ▶▶| शेष पेज 3 पर

## ओवेसी ने टीडीपी, जद-यू को चेताया

# वक्फ बिल के खिलाफ प्रदर्शन जंतर-मंतर पर जुटे कई सांसद





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड (एआईएमपीएलबी) ने सोमवार को वक्फ (संशोधन) विधेयक के खिलाफ धरने का नेतृत्व किया, जिसमें ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी सहित कई सांसदों ने हिस्सा लिया। ओवैसी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के घटक दलों तेलुगु देशम पार्टी, जनता दल-यूनाइटेड और लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास (लोजपा-रामविलास) को आगाह किया कि अगर उन्होंने इस विधेयक का समर्थन किया, तो मुसलमान उन्हें कभी माफ नहीं करेंगे।

### विपक्षी दल जुटे

*कई विपक्षी दलों के राजनीतिक नेताओं ने प्रदर्शन में हिस्सा लिया। समाजवादी पार्टी के नेता धर्मेंद्र यादव ने कहा, हम वक्फ विधेयक के खिलाफ विरोध का समर्थन कर रहे हैं। यह हमारे मुस्लिम भाइयों के खिलाफ है। तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा ने सरकार पर समाज में दरार पैदा करने का आरोप लगाते हुए कहा, यह विभाजनकारी राजनीति है, किसी भी धर्म या समुदाय को इस तरह निशाना नहीं बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता गौरव गोगोई ने दावा किया कि संयुक्त संसदीय समिति को दिए गए विपक्षी सदस्यों के सुझावों को खारिज कर दिया गया।*

### संसद में पेश हो सकता है बिल

यह विरोध-प्रदर्शन ऐसे समय में हो रहा है, जब संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण चल रहा है, जिसमें वक्फ (संशोधन) विधेयक पेश किया जा सकता है। विधेयक पर विचार करने वाली संसद की 31 सदस्यीय संयुक्त समिति ने 30 जनवरी को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को 655 पन्नों की अपनी रिपोर्ट सौंप दी थी।

### भाजपा बोली- विपक्षी दल मुसलमानों को कर रहे गुमराह

भारतीय जनता पार्टी ने सोमवार को विपक्षी दलों पर वक्फ अधिनियम में प्रस्तावित संशोधनों पर मुसलमानों को 'गुमराह करने' का आरोप लगाया। भाजपा के सांसद तेजस्वी सूर्या ने दावा किया कि यह विधेयक को संसद से मंजूर हो जाने पर भी स्पष्ट स्वामित्व वाली वक्फ संपत्तियों की 'एक इंच' जमीन नहीं ली जायेगी। सत्तारूढ़ भाजपा ने यह आरोप तब लगाया है जब 'ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड' के नेतृत्व में यहां कई मुस्लिम संगठन वक्फ (संशोधन) विधेयक का विरोध रहे हैं और उनका समर्थन करते हुए कई सांसद भी विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए हैं।

## सब स्टेशन के वेयर हाउस में लगी आग, जल गए ट्रांसफार्मर, जद में आए कॉलोनी के कुछ मकान



**रायगढ़।** सोमवार की सुबह कोतरारोड विद्युत सब स्टेश के वेयर हाऊस में भयावह आग लग गई। इसकी जद में पास ही के रिहायशी कॉलोनी के कुछ घर भी आए। जिससे मौके पर अफरातफरी की स्थिति निर्मित हो गई। इस घटना में विभाग को करीब 70 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। वहीं घंटों मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। सोमवार की सुबह 9.30 बजे कोतरा रोड के विद्युत सब स्टेशन में आग लग गई। यह आग वेयर हाउस में रखे गए ट्रांसफॉर्मर्स और इलेक्ट्रिक केबल में लगी थी।

### पूर्व की घटना से नहीं लिया सबक

ज्ञात हो कि दो साल पहले भी इसी वेयर हाऊस में आग लगी थी। जिस पर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया था। इसके बाद भी विद्युत विभाग ने इस घटना से संज्ञान नहीं लिया।

**70 लाख का सामान जलकर खाक, घंटों की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू**



### आंकलन जारी

कोतरारोड विद्युत सब स्टेशन के वेयर हाउस में आग लगी थी, जिस पर कुछ ही घंटों में काबू पा लिया गया है। प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण असामाजिक तत्वों का कारनामा लग रहा है। इस घटना में फील्ड से आए पुराने ट्रांसफार्मर्स और केबल जले हैं। संभवतः 70 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। इसका आंकलन अभी चल ही रहा है।
-गुंजन शर्मा, डिवीजन इंजीनियर

### 200 लोगों की लगी थी टीम

वेयर हाउस में आग बुझाने के लिए नगर सेना, उद्योगों के फायर ब्रिगेड और नगर निगम की टीम, सुरक्षा बल, सीएसपीडीसीएल सहित करीब 200 लोगों से अधिक की टीम लगी रही। यहां करीब 12 फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने में जुटी थी। इसके अलावा जांजगीर, सक्ति, कोरबा और दुर्ग से भी दमकल की गाड़ियां भी एहतियातन बुलवाई गई थी। हालांकि उनके पहुंचने से पहले रायगढ़ में मौजूद फायर ब्रिगेड की गाड़ियों से आग पर काबू पा लिया गया था।


## मिशन चंद्रयान-5 को मिल गया ग्रीन सिग्नल

# चांद पर फिर परचम लहराएगा भारत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन को चंद्रमा पर स्टडी करने के लिए भारत के महत्वाकांक्षी मिशन चंद्रयान-5 को मंजूरी दे दी है। इसको लेकर इसरो के अध्यक्ष वी नारायणन ने जानकारी शेयर की है। नारायणन ने कहा कि चंद्रयान-5 मिशन चांद की सतह का रिसर्च करने के लिए 250 किलोग्राम का रोवर लेकर जाएगा, जबकि चंद्रयान 3 में 25 किलोग्राम का रोवर ले जाया गया था।

बता दें कि चंद्रयान मिशन का मुख्य मकसद चांद की सतह का स्टडी करना है। चंद्रयान-1 साल 2008 में सफलतापूर्वक लॉन्च किया गया था, जिसने चंद्रमा के केमिकल, खनिज और फोटो-जियोलोजिक मौपिंग की।



### कब लॉन्च होगा चंद्रयान-4 मिशन?

चंद्रयान-4 मिशन को साल 2027 में लॉन्च करने की संभावना है। इसका मकसद इसरो के भविष्य के मून मिशन के लिए चांद से इकट्ठे किए गए सैंपल को लाना है। नारायण ने कहा कि गगनयान जैसे कई मिशन के अलावा भारत का अपना अंतरिक्ष स्टेशन 'भारतीय स्पेस स्टेशन' स्थापित करने की योजना बनाई जा रही है।

### चंद्रयान-5 के लिए मिली मंजूरी

वी नारायणन ने कहा कि चंद्रयान-3 मिशन चंद्रयान-2 का फॉलो-ऑन मिशन है। इसका मकसद सेफ लैंडिंग और चांद की सतह पर घूमने की पूरी क्षमता का प्रदर्शन करना है। इसरो ने चंद्रयान-3 मिशन को सफलतापूर्वक लॉन्च किया है। इसके विक्रम लैंडर ने 23 अगस्त साल 2023 को चांद के दक्षिणी ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग की है। वी नारायणन ने कहा, बस 3 दिन पहले ही हमें चंद्रयान-5 मिशन के लिए मंजूरी मिली है।

### यूनेस्को के लिए भारत से छह नाम

**नई दिल्ली।** केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने सोमवार को कहा कि 'चौसठ योगिनी मंदिर' और मध्यप्रदेश एवं उत्तर प्रदेश में स्थित बुंदेलों के महलों-किलों जैसी छह संपत्तियों को यूनेस्को के विश्व धरोहर केंद्र द्वारा भारत की अनंतिम सूची में जोड़ा गया है। शेखावत ने लोकसभा में प्रश्नकाल में भाजपा सांसद संबित पात्रा के पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए बताया कि अनंतिम सूची में जोड़ी गई छह संपत्तियों में छत्तीसगढ़ में कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान, तेलंगाना में मुदुमल मेगालिथिक मेनहिर, मौर्यकालीन मार्गों (कई राज्यों) के साथ अशोकन एडिक्ट साइट्स का क्रमिक नामांकन, उत्तर भारत (कई राज्यों) में गुप्त कालीन मंदिरों का क्रमिक नामांकन और मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश में बुंदेलों के महल-किले शामिल हैं।

## चिंतन

# विदेशों में भारत विरोधी गतिविधियां अस्वीकार्य

अमेरिका व यूरोप समेत विदेशी मुल्कों से भारत विरोधी गतिविधियों और भारत के खिलाफ आतंकवाद को लेकर नई दिल्ली काफी मुखर है। पिछले दो तीन वर्ष में कनाडा, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया में भारत विरोधी गुटों की गतिविधियां सामने आई हैं। भारत द्विपक्षीय वार्ता में संबंधित मुल्कों को अपनी चिंता से अवगत कराता रहा है और ऐसे गुटों, संगठनों व लोगों पर कार्रवाई की मांग करता रहा है। खलिस्तान समर्थकों के प्रति हमदर्दी के चलते ही कनाडा के भारत से संबंध में कड़वाहट आई। भारत की यात्रा पर आए न्यूजीलैंड के पीएम क्रिस्टोफर लुक्शन के साथ बातचीत में पीएम नरेन्द्र मोदी ने न्यूजीलैंड में भारत विरोधी गतिविधियों पर नई दिल्ली की चिंता जाहिर की है। भारत और न्यूजीलैंड ने अपने रक्षा एवं सुरक्षा संबंधों को संस्थागत रूप देने के लिए एक महत्वपूर्ण समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। भारत ने अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड के सामने भी खालिस्तानी संगठन 'सिख फॉर जस्टिस' पर प्रतिबंध लगाने और इसकी भारत-विरोधी गतिविधियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग उठाई है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने यूएस डीएनआई तुलसी गबार्ड से एसएफजे की गतिविधियों पर अमेरिका से ठोस कदम उठाने का आग्रह किया है। भारत ने यूएस से कहा है कि 'सिख फॉर जस्टिस' अमेरिकी धरती से भारत के खिलाफ उकसावे वाली और हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा दे रहा है, जो दोनों देशों के संबंधों के लिए भी खतरा बन सकता है। भारत ने एसएफजे को 2019 से ही गैरकानूनी घोषित कर रखा है। सिख फॉर जस्टिस को भारत सरकार खालिस्तानी अलगाववादी समूह मानती है। इसकी स्थापना 2007 में अमेरिका में गुरपतवंत सिंह पन्नू ने की थी। संगठन का मुख्य लक्ष्य पंजाब को भारत से अलग कर एक स्वतंत्र खालिस्तान राष्ट्र की स्थापना करना है। तुलसी गेबार्ड ने पीएम मोदी से भी मुलाकात की है, जिसमें भी उन्हें खालिस्तानी आतंकवाद के प्रति भारत की चिंता से अवगत कराया है। भारत नई दिल्ली के खिलाफ आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों को खत्म करने के प्रति प्रतिबद्ध है और विदेशी धरती पर ऐसे किसी भी कुकृत्य को हल्के में नहीं ले रहा है। चाहे यूरोप हो, अमेरिका, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, या फिर पाकिस्तान हो, किसी भी जगह नई दिल्ली विरोधी गतिविधियों को भारत बर्दाश्त नहीं करेगा। हालांकि अमेरिकी खुफिया प्रमुख तुलसी गेबार्ड ने भारत में पाक समर्थित हमले को इस्लामी आतंक कहा है और इससे दुनिया को खतरा होने की बात कही है, उन्होंने प्रेसिडेंट ट्रंप के इस्लामी आतंकवाद से लड़ने के वादे की बात भी दोहाई है, लेकिन व्यवहार में अमेरिका का आचरण खालिस्तानी आतंकवादियों को लेकर भारतीय रुख से मेल नहीं खाता है। भारत की चिंता को एड्रेस करने के लिए अमेरिका को बहुत कुछ करना होगा। इस बीच, प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी पोडकास्टर लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत में एक साथ्र अमेरिका और चीन से संतुलित कूटनीति को आगे बढ़ाया है। आने वाले वक्त में इन दोनों महाशक्तियों के साथ भारत किस तरह संतुलन साधते हुए आगे बढ़ेगा, इसकी रूपरेखा स्पष्ट कर दी है। पीएम ने ट्रंप की तारीफ की और चीन के साथ सकारात्मक संबंध की वकालत की। भारत की इस संतुलित कूटनीति से अपने खिलाफ चल रहे आतंकवादी व अलगाववादी गतिविधियों के खात्मे में मदद मिलेगी। विदेशी सरकारें अगर उनके यहां चल रहे भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर चुप रहेंगी या अनदेखी करेंगी तो भारत न चुप रहेगा न शांत बैठेगा।



पोडकास्ट विश्लेषण
अवधेश कुमार

# संघ की समावेशी सोच से रूबरू विश्व

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। अभी भी आप संघ के बारे में दुराग्रह, वैचारिक विरोध या घृणा के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूरों एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ के मजदूर संघों ने नारा दिया, 'मजदूरों दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

स्वतंत्र भारत के इतिहास में पहली बार देश के शीर्ष पर बैठे किसी व्यक्ति या प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को लेकर इतने विस्तार से बातचीत की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ तीन घंटे के अपने लंबे पॉडकास्ट में अनेक विषयों बातचीत की जिनमें संघ भी एक महत्वपूर्ण विषय था। अगर साक्षात्कार लेने वाला दुराग्रह या पूर्वाग्रह न पाले तो सकारात्मक दृष्टि से उसके साथ बातचीत संभव है और इससे सही परिप्रेक्ष्य लोगों के समक्ष आता है। हाल के दिनों में प्रधानमंत्री ने तीसरी बार संघ पर अपना मत प्रकट किया है और सबमें सुसंगति है , स्वर एक ही है। पिछले 21 फरवरी, 2025 को नई दिल्ली स्थित विज्ञान भवन में आयोजित 98 अखिल भारतीय मराठी साहित्य सम्मेलन के उद्घाटन भाषण में उन्होंने कहा था कि वेद से विवेकानंद तक भारत की महान परंपरा और संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का एक संस्कार यज्ञ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पिछले 100 वर्षों से चला रहा है। मेरा सौभाग्य है कि मेरे जैसे लाखों लोगों को आरएसएस ने देश के लिए जीने की प्रेरणा दी है। उसके पहले 12 अक्टूबर, 2024 को संघ के शताब्दी वर्ष में प्रवेश करने पर सरसंचालक डॉ. मोहन भागवत के एक वीडियो का लिंक साझा करते हुए उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया था कि राष्ट्र सेवा में समर्पित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ यानी आरएसएस आज अपने 100 वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। अविरल यात्रा के इस ऐतिहासिक प्रभाव पर समस्त स्वयंसेवकों को मेरी हार्दिक बधाई और अनंत शुभकामनायें। मां भारती के लिए यह संकल्प और समर्पण देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करने के साथ ही विकसित भारत को साकार करने में भी ऊर्जा भरने वाला है। फ्रिडमैन के साथ उन्होंने संघ की विचारधारा ,उत्पत्ति, संगठन की कला और उससे जुड़े संगठनों के विराट स्वरूप पर विस्तार से बातचीत की है।

राजनीतिक विश्लेषक मानेंगे कि प्रधानमंत्री ने लोकसभा चुनाव के दौरान एक वक्तव्य से पैदा संभ्रम को समाप्त कर पूरे संगठन परिवार में सही संदेश स्थापित करने की दृष्टि से ऐसा कर रहे हैं। देखने वालों की दृष्टि है किंतु संघ के स्वयंसेवक और संगठन परिवार के कार्यकर्ता इसे संपूर्ण जीवन लगा देने वाले एक वरिष्ठ स्वयंसेवक के सही मंतव्य के रूप में ही लेंगे। वास्तव में जिन्हें संघ समझना हो वे इसे उस रूप में लेंगे तो समस्या नहीं आएगी। अभी भी आप संघ के बारे में प्रत्यक्ष साकार से परे दुराग्रह, वैचारिक विरोध य घृणा के कारण लिखने - बोलने के आलोक में देखेंगे तो सही निष्कर्ष पर नहीं पहुंच सकते। प्रधानमंत्री के पूरे वक्तव्य का मूल समझना हो तो उनकी इस पंक्ति को आधार बनाना होगा कि आरएसएस आपके जीवन में एक स्पष्ट दिशा प्रदान करता है जिसे वास्तव में जीवन का उद्देश्य कहा जा सकता है। दूसरी बात, राष्ट्र सब कुछ है और लोगों की सेवा करना भगवान की सेवा के समान है यह वैदिक युग से कहा गया, हमारे ऋषि मुनियों ने जो कहा, विवेकानंद जी ने जो कहा, उसका संघ प्रतिनिधित्व करता है। आरएसएस पर निष्पक्षता से अध्ययन करने वाले उनके इस बात से शत- प्रतिशत सहमत होंगे। संघ को संघ की दृष्टि से समझने की कोशिश करने वाले प्रधानमंत्री की बात से सहमत होंगे कि संघ को समझना इतना आसान



नहीं है। इसके काम की प्रकृति को वास्तव में समझने के लिए प्रयास करना पड़ता है। उन्होंने अपने बारे में स्पष्ट किया कि उनके जीवन में एक दिशा, राष्ट्र की सेवा और लक्ष्य को पाने की प्रेरणा, संकल्प तथा काम करने की अंतःशक्ति केवल संघ के स्वयंसेवक होने के कारण मिले जो बाद में अध्यात्म और संतों के कारण सशक्त होते हुए आगे बढ़ा।

वास्तव में यह आम सक्रिय स्वयंसेवकों के सामूहिक अनुभवों की श्रेष्ठ अभिव्यक्ति है। संघ के स्वयंसेवकों से पूछिए कि संघ आपको क्या सिखाता है तो कहेंगे कि जिस तरह हम परिवार की चिंता करते हैं उसी तरह देश की करें। दूसरी बात यह बताएंगे कि कोई हमारा सहयोग करें न करे, साथ आए न आए उसका प्रयास करते हुए भी राष्ट्र की सेवा, आमजन की सेवा, उन्हें समुन्नत्त शिक्षित करते हुए देश को वैभव तक ले जाना है। स्वयंसेवक से जब आप राजनीति पर प्रश्न करेंगे तभी शायद कोई उत्तर मिलेगा और अनेक उत्तर भी नहीं देंगे। राजनीति हम पर इतना हावी है कि उसके बाहर हम सोचने और देखने की आसानी से कल्पना नहीं करते इसलिए यह चरित्र समझ में नहीं आता। प्रधानमंत्री मोदी ने इसलिए संघ के विविध कार्यों को भी फ्रिडमैन के माध्यम से दुनिया के समक्ष रख दिया है। अब विश्व समुदाय को महसूस होगा कि वाकई 100 वर्षों में इस संगठन ने मुख्यधारा के ध्यान से दूर रहकर अनुशासन और भक्ति के साथ स्वयं को देश सेवा, मानवता की सेवा में समर्पित किया है और इसी कारण आज विश्व में इससे बड़ा कोई संगठन नहीं और न इतने बड़े संगठन परिवार बनने की कोई सोच सकता है। उदाहरण के लिए उन्होंने संघ के अनुषांगिक संगठनों में सेवा भारती की चर्चा की जो 1 लाख 25 हजार सेवा परियोजनाएं बिना सरकारी सहायता केवल समाज की मदद से चला रहा है। यह उन झुग्गी - झोपड़ियों और बस्तियों में बच्चों को पढ़ाने, उनके स्वास्थ्य का ध्यान रखने, स्वच्छता के साथ अन्य प्रकार की मदद देने का काम करते हैं जहां सबसे गरीब लोग रहते हैं। दूसरे, वनवासियों के बीच संघ का बनवासी कल्याण आश्रम आज जंगलों में पूरा समय लगाकर जनजातियों की सेवा के काम करने में लगा है जो 70 हजार से ज्यादा एकल विद्यालय चलता है। उन्हें धन कैसे मिलता है तो प्रधानमंत्री के अनुसार अमेरिका के कुछ लोग 10 से 15 डॉलर दान देते हैं और उन्हें कहा जाता है कि एक कोका कोला नहीं पीयो उतना पैसा विद्यालय को दो और फिर एक महीने कोका कोला छोड़ दो और उस पैसे को एकल विद्यालय को दो। यह बाहर से समझ नहीं आएगा लेकिन जरा सोचिये कि इतनी संख्या में एकल शिक्षक इतने बच्चों को वर्षो से शिक्षित कर रहे हैं तो कितने छात्र इससे निकले होंगे और उन्हें किसी आत्मनिर्भर बनने और राष्ट्र के लिए काम करने की प्रेरणा मिलती है। इसी तरह स्वयंसेवकों ने शिक्षा में क्रांति के लिए विद्या भारती की स्थापना की जिसके इस समय लगभग 25 हजार विद्यालय हैं जिनमें 30 लाख से ज्यादा छात्र शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। आसानी से कल्पना की जा सकती है कि इतने वर्षों में कितने करोड़ छात्र निकले होंगे और वहां से प्राप्त समग्र शिक्षा के साथ जीवन मूल्य ,कौशल आदि से वो समाज पर बोझ न बनाकर परिवार और राष्ट्र की सेवा का समन्वय बनाते हुए काम कर रहे होंगे। जानकारों को पता है कि समाज जीवन का कोई क्षेत्र नहीं जहां संघ सक्रिय नहीं है। प्रधानमंत्री ने बिल्कुल सही कहा कि वामपंथी विचारधाराओं ने दुनिया के मजदूर एक हो जाओ का नारा देते हुए बताया कि पहले आप एक हो जाओ और हम बाकी कुछ संभाल लेंगे। संघ प्रशिक्षित स्वयंसेवकों के मजदूर संघों का नारा दिया, 'मजदूर दुनिया को एक करो'। आप सोचिए जो लोग संघ को विभाजनकारी मानते हैं उसने इस छोटे से शब्द के द्वारा कितना बड़ा बदलाव सोच और व्यवहार में लाया होगा।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

डॉकिंग
योगेश कुमार गोयल




# स्पैडेक्स मिशन की सफलता ने खोले अंतरिक्ष के नए द्वार

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने स्पैडेक्स (स्पेस डॉकिंग एक्सपेरिमेंट) मिशन के तहत अंतरिक्ष में दो उपग्रहों को सफलतापूर्वक अनडॉक कर ऐसी ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है, जो भारत की अंतरिक्ष अन्वेषण यात्रा में कई आगामी अंतरिक्ष मिशनों को अंजाम देने में महत्वपूर्ण मील का पत्थर साबित होगी। इसरो द्वारा अनडॉकिंग प्रक्रिया के दौरान एक सटीक क्रम का पालन किया गया, जिसमें एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 उपग्रहों का अलगाव सफलतापूर्वक पूरा हुआ। इस प्रक्रिया में पहले एसडीएक्स-02 का विस्तार किया गया, फिर कैप्चर लीवर-3 को योजनाबद्ध तरीके से रिलीज किया गया और अंततः एसडीएक्स-02 में कैप्चर लीवर का विघटन किया गया। इन तकनीकी चरणों के बाद दोनों उपग्रहों में डिकैप्चर कमांड जारी किया गया, जिससे वे स्वतंत्र रूप से अलग हो गए। भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए यह एक बहुत बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। अंतरिक्ष में उपग्रहों को एक साथ जोड़ने की प्रक्रिया को 'डॉकिंग' और अलग करने की प्रक्रिया को 'अनडॉकिंग' कहा जाता है। स्पैडेक्स मिशन में 'अनडॉकिंग' का अर्थ था अंतरिक्ष में डॉक किए जाने के बाद दो उपग्रहों, एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02 को अलग करना ताकि वे स्वतंत्र रूप से काम कर सकें। दो उपग्रहों की सफल अनडॉकिंग के साथ ही भारत के लिए चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशनों के लिए नई संभावनाओं के द्वार खुल गए हैं। स्पैडेक्स उपग्रहों द्वारा अंतरिक्ष में अविश्वसनीय अनडॉकिंग को सफलतापूर्वक पूरा करने की प्रक्रिया के बाद भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान-4 और गगनयान सहित भविष्य के कई महत्वाकांक्षी मिशनों को आगे बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इससे पहले भारत कई प्रयासों के बाद 16 जनवरी को दोनों उपग्रहों (एसडीएक्स-01 और एसडीएक्स-02) को सफलतापूर्वक 'डॉक' कराकर अंतरिक्ष क्षेत्र में एक लंबी छलांग लगाकर विश्व के चुनिंदा देशों के क्लब में शामिल हो गया था। 30 दिसंबर 2024 को लांच किए गए 'स्पैडेक्स' मिशन का उद्देश्य भविष्य के अंतरिक्ष अभियानों के लिए आवश्यक रेंडेजवस, डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीकों का प्रदर्शन करना था। जनवरी की शुरुआत में इस मिशन के तहत उपग्रहों को डॉकिंग से पहले 15 मीटर की दूरी से घटाकर तीन मीटर तक लाया गया था। उस सफलता के साथ ही अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में भारत की स्थिति मजबूत हो गई थी और वह अमेरिका, रूस तथा चीन जैसे देशों की कतार में शामिल हो गया था। 16 जनवरी 2025 को इसरो ने 'स्पैडेक्स' मिशन की शानदार सफलता के साथ अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में एक नया मील का पत्थर स्थापित किया था। उस मिशन के तहत इसरो ने पहली बार अंतरिक्ष में दो उपग्रहों की सफलतापूर्वक डॉकिंग कराई थी, जिसके साथ ही भारत इस जटिल तकनीक में महारत हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया था। इससे पहले केवल अमेरिका, रूस और चीन ही इस तकनीक को सफलतापूर्वक अंजाम दे पाए थे। स्पैडेक्स मिशन की सफल डॉकिंग के बाद अब अनडॉकिंग की सफलता ने न केवल इसरो की तकनीकी क्षमता को पूरी दुनिया के समक्ष साबित किया है बल्कि भारत को अंतरिक्ष में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक बहुत बड़ा महत्वपूर्ण कदम भी बढ़ाया है। इसरो के स्पैडेक्स मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष में दो उपग्रहों के बीच डॉकिंग और अनडॉकिंग तकनीक का प्रदर्शन करना था, जो भविष्य के भारत के अंतरिक्ष अभियानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इस मिशन के तहत दो छोटे उपग्रहों एसडीएक्स-01 (चेजर) और एसडीएक्स-02 (टारगेट) को 30 दिसंबर 2024 को पीएसएलवी-सी60 रॉकेट के माध्यम से श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपित किया गया था और दोनों उपग्रहों को 475 किलोमीटर की ऊंचाई पर एक गोलाकार कक्षा में स्थापित किया गया था। डॉकिंग प्रक्रिया के दौरान 16 जनवरी को चेजर उपग्रह ने टारगेट उपग्रह की पहचान की, उसका संरेखण किया और सफलतापूर्वक उससे जुड़ गया। इस प्रक्रिया में उन्नत सेंसर, एल्गोरिदम और एक्ट्यूएटर्स का उपयोग किया गया। डॉकिंग के बाद दोनों उपग्रहों का एकीकृत नियंत्रण सफलतापूर्वक पूरा किया गया, जो इस तकनीक में भारत की महारत का प्रमाण था। भारत के लिए इस मिशन की सफलता बेहद महत्वपूर्ण इसीलिए है क्योंकि अंतरिक्ष में 'डॉकिंग' की प्रक्रिया बेहद जटिल होती है और इसके लिए उच्च स्तरीय सटीकता की जरूरत है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार तथा सामरिक मामलों के विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## जन्म से प्रारंभ व मृत्यु के साथ समाप्त होती है यात्रा



संकलित
दर्शन

शरीर में समाहित ऊर्जापुंज को आत्मा कहा गया है। यह आत्मा अनंत ऊर्जा अर्थात परमात्मा का एक अति सूक्ष्म अंशमात्र है। भौतिक जगत में रहते हुए यह भौतिक शरीर एक यात्री के सदृश होता है। शरीर के जन्म के साथ ही यात्रा प्रारंभ होती है एवं मृत्यु के उपरांत समाप्त हो जाती है। अर्थात भौतिक शरीर के लिए जीवन एक यात्रा के समतुल्य है। जन्म के साथ ही ऊर्जापुंज अर्थात आत्मा भौतिक शरीर से संयुक्त होकर उसकी यात्रा में सहयात्री की भूमिका का निर्वहन करने लगता है एवं मरणोपरांत स्वयं को यात्रा से अलग कर लेता है। यह कहा जा सकता है कि भौतिक शरीर की यात्रा का आदि और अंत स्पष्टतः ज्ञात होता है, परंतु ऊर्जापुंज जिसे आत्मा कहकर संबोधित किया जाता है, अपनी यात्रा के आदि और अंत से सर्वथा अपरिचित होता है। आत्मा की यात्रा कब और क्यों प्रारंभ हुई तथा कब और क्यों पूर्ण होगी? इन प्रश्नों का हल आज भी एक चुनौती के रूप में खड़ा है। ऊर्जापुंज अगणित भौतिक शरीरों की भौतिक यात्रा में सहयात्री की भूमिका को निभाता हुआ अपनी अनंत दिव्ययात्र को जारी रखता है। अर्थात आत्मा की इस अलौकिक यात्रा में अनंत लौकिक यात्राएं शामिल होती हैं। इस अलौकिक यात्रा के संबंध में केवल इतना ही कहा जा सकता है कि यह यात्रा अनंत से प्रारंभ होकर अनंत पर ही पूर्ण होगी, किंतु अनंत को परिभाषित करना भी असंभव है। अनंत को अज्ञात का पर्याय माना जा सकता है।

## सेवा का समर्पण भाव



संकलित
प्रेरणा

एक बार एक राजा भोजन कर रहा था, अचानक खाना परोस रहे सेवक के हाथ से थोड़ी सी सब्जी राजा के कपड़ों पर छलक गई। राजा की त्यौरियां चढ़ गयीं। जब सेवक ने यह देखा तो वह थोड़ा घबराया, लेकिन कुछ सोचकर उसने प्याले की बची सारी सब्जी भी राजा के कपड़ों पर उड़ेल दी। अब तो राजा के क्रोध की सीमा न रही। उसने सेवक से पूछा, तुमने ऐसा करने का दुस्साहस कैसे किया? सेवक ने अत्यंत शांत भाव से उत्तर दिया, महाराज! पहले आपका गुस्सा देखकर मैनें समझ लिया था कि अब जान नहीं बचेगी। लेकिन फिर सोचा कि लोग कहेंगे की राजा ने छोटी सी गलती पर एक बेगुनाह को मौत की सजा दी। ऐसे में आपकी बदनामी होती। तब मैनें सोचा कि सारी सब्जी ही उड़ेल दूं। ताकि दुनिया आपको बदनाम न करे। और मुझे ही अपराधी समझे। राजा को उसके जबाव में एक गंभीर संदेश के दर्शन हुए और पता चला कि सेवक भाव कितना कठिन है। जो समर्पित भाव से सेवा करता है उससे कभी गलती भी हो सकती है फिर चाहे वह सेवक हो, मित्र हो, या परिवार का कोई सदस्य, ऐसे समर्पित लोगों की गलतियों पर नाराज न होकर उनके प्रेम व समर्पण का सम्मान करना चाहिए। बिना सोचे समझे पहले ही किसी पर अपनी नाराजगी जाहिर करना ठीक नहीं।

## अंतर्मन




### आज की पाती

#### पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा

जो पुरुषार्थ करते हैं, उन्हें आगे बढ़ने से कोई नहीं रोक सकता। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में पुरुषार्थ ही काम आता है। फिर वह पुरुषार्थ चाहे अर्थ का हो या धर्म का। पुरुषार्थ, पुरुषार्थ होता है। वर्तमान युग में व्यसनों के चक्र से बचने वाले को भी पुरुषार्थी समझना चाहिए। पग-पग पर आज व्यसनों का बाजार लगा है। इस बाजार की हवा से आप दूर रहें, यह आपके पुरुषार्थ से ही संभव है। व्यसनों से बचकर चलने वालों के साथ समृद्धि चलती है। जो व्यसन के जाल में फंस गया, वह दरिद्रता को आमंत्रण देता है। सज्जन व्यक्ति व्यसनग्रस्त लोगों से व्यसन त्यागने के लिए उन्हें प्रेरित करके उनका कल्याण चाहता है। सरकार भी चाहती है कि समाज व्यसनों से मुक्त बने। -कांतिलाल मांडोत

## करंट अफेयर

### न्यूयार्क में भारतीय मूल की चार महिलाएं सम्मानित


न्यूयॉर्क में भारत के महावाणिज्य दूतावास और 'फेडरेशन ऑफ इंडियन एसोसिएशन' (एफआईए) ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर भारतीय मूल की चार प्रतिष्ठित महिलाओं को विभिन्न क्षेत्रों में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। सम्मानित की गई महिलाओं में 'जे.पी. मॉर्गन' में सलाहकार और विलय एवं अधिग्रहण की वैश्विक प्रमुख अनु अयंगर, 'ए-सीरीज मैनेजमेंट एंड इन्वेस्टमेंट्स' की मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) एवं संस्थापक अंजुला अचारिया, 'एलडीपी वेंचर्स' की सीईओ एवं संस्थापक तथा 'विमेंस एंटरप्रेन्योरशिप डे ऑर्गेनाइजेशन' की संस्थापक वेंडी डायमंड और सीएनबीसी की पत्रकार एवं प्रस्तोता सीमा मोदी शामिल हैं। न्यूयॉर्क में पिछले सप्ताह सातवें वार्षिक अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह में भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा इन्हें सम्मान दिया गया। एफएआई द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं और इस कार्यक्रम में 'अलग-अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान के लिए इन महिलाओं को सम्मानित किया गया।'



## ऑफ बीट

### डिमेंशिया जिसका कोई इलाज अब तक नहीं

पैंसठ वर्ष की एक महिला अपनी कमजोर होती याददाश्त के लिए बार-बार इलाज कराती हैं। पहले तो उन्हें बताया गया कि इसमें चिंता की कोई बात नहीं है, फिर एक साल बाद कहा गया कि यह 'सामान्य रूप से बुढ़ापा है।' आख़िरकार, समझ में आया : 'यह अल्जाइमर है जिसका कोई इलाज नहीं है।' इस तरह के परिदृश्य बहुत आम हैं। काफी हद तक डिमेंशिया का पता नहीं चल पाता है, कनाडा जैसे उच्च आय वाले देशों में भी, जहां पता न चलने वाले मामलों की दर 60 प्रतिशत से अधिक है। मान्यता है कि बुजुर्गों में संज्ञानात्मक हानि सामान्य है और चिकित्सकों में डिमेंशिया के लक्षणों और जांच मानदंडों को लेकर ज्ञान की कमी को इसकी शुरुआत में पहचान नहीं होना और देर से पता चलने के मुख्य कारण के तौर पर पहचाना गया है। आयु से संबंधित स्मृतिलोप को केवल सामान्य उम्र बढ़ने का हिस्सा मानकर अनदेखा नहीं किया जाना चाहिए। कभी-कभी यह भूल जाना कि हमने कार कहां खड़ी की थी या हमने अपनी चाबी कहां छोड़ी थी, ऐसा हर किसी के साथ हो सकता है, लेकिन जब ऐसी स्थितियां बार-बार होने लगती हैं तो चिकित्सकीय सलाह लेना जरूरी होता है। कई व्यक्तियों की सोचने और जानकारी याद रखने की क्षमता में हल्के बदलाव का अनुभव करने से डिमेंशिया नहीं होगा।



## ट्रेंड

### गायत्री स्पिवक को बधाई

मैं प्रोफेसर गायत्री चक्रवर्ती स्पिवक को मानविकी और सामाजिक विज्ञान में सबसे प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों में से एक 'होलबर्ग प्राइज- 2025' के लिए चुने जाने पर बधाई देती हूं। मैं गांवों में गरीब-हितैषी स्वैच्छिक सेवाओं के साथ स्पिवक के जुड़ाव से प्रभावित हूं। -ममता बनर्जी, सीएम



### रेटिना स्कैन सही नहीं

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) से संबंधित एक व्यवस्था के तहत महिलाओं को रैटिना स्कैन के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करानी होगी और ऐसे में उन्हें घूंघट हटाना पड़ेगा जो स्थानीय संस्कृति पर हमला है।
- राजकुमार रोत, सांसद



### पर्रिकर को श्रद्धांजलि

पूर्व केंद्रीय रक्षा मंत्री व गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर की पुण्यतिथि पर मेरी विनम्र श्रद्धांजलि पर्रिकर को उनकी प्रशासनिक कुशलता के लिए हमेशा याद किया जाएगा।
-प्रमोद सावंत, सीएम, गोवा



### भारत का लक्ष्य महत्वाकांक्षी

भारत ने 2070 तक शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य रखा है, लेकिन इसके लिए और अधिक महत्वाकांक्षी होने की आवश्यकता है। भारत को अपने शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में अन्य देशों के साथ तालमेल बिठाना चाहिए।
-हेलेन क्लार्कसन, क्लाइमेट ग्रुप प्रमुख



### अपने विचार


हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।

## दोनों देशों के बीच एफटीए पर शुरू हुई बातचीत

# आतंकवाद, अलगाववाद से मिलकर लड़ेंगे भारत और न्यूजीलैंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन के साथ सोमवार को हैदराबाद हाउस में एक महत्वपूर्ण प्रतिनिधिमंडल स्तर की द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें पाकिस्तान और चीन का नाम लिए बगैर दोनों को कड़ा संदेश दिया गया। साथ ही भारत और न्यूजीलैंड ने मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर बातचीत शुरू करने का निर्णय लिया है। इस साल के अंत तक यह समझौता हो सकता है। पाकिस्तान के संदर्भ में दोनों देशों के राष्ट्रप्रमुखों ने बैठक में आतंकवाद, अलगाववाद और कट्टरपंथी तत्वों का एकजुटता से मुकाबला करने की घोषणा की। भारत ने न्यूजीलैंड के समक्ष वहां जारी गैर-कानूनी तत्वों की भारत विरोधी गतिविधियों को लेकर अपनी चिंता जताई। इसके अलावा 15 मार्च 2019 के क्राइस्टचर्च से लेकर 26 नवंबर 2008 के मुंबई आतंकी हमले को दोनों राष्ट्रप्रमुखों ने अस्वीकार्य बताया।



### न्यूजीलैंड ने दिखाया सकारात्मक रुख

विदेश सचिव ने आगे कहा कि न्यूजीलैंड की सरकार ने इन चिंताओं को पूर्व में भी गंभीरता से लिया है और इस बार भी उन्हें ध्यान में रखा है। भारत सरकार ने इस मुद्दे पर अपने विचार स्पष्ट रूप से जाहिर किए और दोनों देशों ने आपसी सहयोग की उम्मीद जताई। यह चर्चा भारत और न्यूजीलैंड के द्विपक्षीय संबंधों को और अधिक मजबूत बनाने और क्षेत्र में शांति और समृद्धि को कायम रखने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो सकती है। इस बैठक ने दोनों देशों के बीच सुरक्षा और सहयोग को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की पुष्टि की है। न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री लक्सन भारत दौरे पर हैं, और यहां प्रधानमंत्री मोदी ने उनके साथ द्विपक्षीय वार्ता की।

### पीएम मोदी की टिप्पणी का मुरीद हुआ चीन

अमेरिकी पॉडकास्टर लेक्स फ्रिडमैन के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की टिप्पणी की चीन ने खुलकर तारीफ की है और कहा है कि हाथी और ड्रैगन का मिलकर झूमना ही एकमात्र विकल्प है। पॉडकास्ट में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दोनों देशों के बीच संबंधों पर सकारात्मक टिप्पणी की थी, जिसकी चीन ने प्रशंसा की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लेक्स फ्रिडमैन के पॉडकास्ट में भारत और चीन के संबंधों को मजबूत करने पर जोर देते हुए कहा था कि प्रतिस्पर्धा को संघर्ष में नहीं बदलना चाहिए और मतभेदों को विवादों में नहीं बदलना चाहिए। मोदी की इस टिप्पणी की चीनी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता माओ निंग ने खुलकर तारीफ की है।

#### 2020 में हुई थी झड़प

चीनी प्रवक्ता का यह बयान अमेरिकी पॉडकास्टर लिक्स फ्रिडमैन के साथ पीएम मोदी के साक्षात्कार के बाद आया है, जहां उन्होंने कहा था कि पूर्वी लद्दाख में दोनों सेनाओं के बीच 2020 की झड़पों से उत्पन्न तनाव को कम करने के लिए राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ उनकी हालिया बातचीत के बाद भारत-चीन सीमा पर सामान्य स्थिति लौट आई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित कर रही है कि मतभेद विवाद में न बदल जाएं।

## खबर संक्षेप

### ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा किया मोदी का पॉडकास्ट



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया मंच 'ट्रुथ सोशल' पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अमेरिका के लोकप्रिय पॉडकास्टर एवं कंप्यूटर वैज्ञानिक लेक्स फ्रीडमैन के साथ बातचीत का वीडियो लिंक साझा किया। रविवार को एक पॉडकास्ट में चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उनके बीच परस्पर विश्वास का रिश्ता है।

### महाराष्ट्र साइबर सेल ने फिर किया रैना को तलब



**मुंबई।** कॉमेडियन और यूट्यूबर समय रैना को शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' के सिलसिले में सोमवार को महाराष्ट्र साइबर सेल ने दूसरा समन भेजा है। साइबर सेल ने समय को इस शो के सिलसिले में अपने बयान दर्ज कराने के लिए दूसरी बार तलब किया है। उन्हें 19 मार्च को बयान दर्ज कराने के लिए कहा गया है।

### अमृतसर मंदिर विस्फोट मुठभेड़ में संदिग्ध ढेर

**चंडीगढ़।** अमृतसर में मंदिर के बाहर विस्फोट की घटना का एक संदिग्ध पुलिस के साथ हुई मुठभेड़ में मारा गया। पुलिस के एक शीर्ष अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एक अन्य संदिग्ध फरार हो गया जिसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं। अमृतसर में 15 मार्च को ठाकुरद्वार मंदिर के बाहर विस्फोट होने से मंदिर की दीवार का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था और खिड़कियों के शीशे टूट गए थे। एक व्यक्ति को विस्फोटक उपकरण मंदिर की ओर फेंकते देखा गया था।

## रक्षा मंत्री राजनाथ ने तुलसी गबार्ड से की मुलाकात

# 'खालिस्तानियों' पर नकेल कसे अमेरिका भारत की एसएफजे पर एक्शन की मांग

*रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने सोमवार को कई मुद्दों पर चर्चा की, जिसमें विशेष रूप से रक्षा और सूचना साझा करने के क्षेत्रों में भारत एवं अमेरिका के बीच सामरिक संबंधों को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया।*

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

न्यूज एजेंसी एएनआई की सूत्रों के हवाले से रिपोर्ट के अनुसार भारत ने अमेरिका में खालिस्तानी संगठन एसएफजे (सिख फॉर जस्टिस) की तरफ से की जा रही भारत विरोधी गतिविधियों का मुद्दा उठाया। भारत ने अपनी चिंता व्यक्त की और अमेरिकी प्रशासन से इस गैरकानूनी संगठन के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने को कहा। गबार्ड भारत की ढाई दिन की यात्रा पर रविवार तड़के राष्ट्रीय राजधानी आईं। यह अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के प्रशासन के किसी शीर्ष अधिकारी की भारत की पहली उच्चस्तरीय यात्रा है। वहीं, राजनाथ ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट साझा करते हुए कहा कि उन्हें अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया प्रमुख से मिलकर 'खुशी' हुई और उन्होंने भारत-अमेरिका साझेदारी को और मजबूत बनाने के तरीकों पर चर्चा की।

### अमेरिका की इंटेलिजेंस चीफ आई हुई हैं भारत



#### सूचना साझा करने पर भी चर्चा

रक्षा मंत्री राजनाथ ने कहा कि हमने भारत-अमेरिका साझेदारी को और गहरा करने के उद्देश्य से रक्षा, सूचना साझा करने समेत कई मुद्दों पर चर्चा की।' इससे एक दिन पहले, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल और गबार्ड ने रविवार को द्विपक्षीय वार्ता की थी और दुनियाभर के शीर्ष खुफिया अधिकारियों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता की थी।

#### डोभाल से भी कई मुद्दों पर चर्चा

डोभाल और गबार्ड ने आमने-सामने की बैठक में भारत-अमेरिका वैश्विक रणनीतिक साझेदारी के अनुरूप मुख्य रूप से खुफिया जानकारी साझा करने के तंत्र को मजबूत करने और सुरक्षा क्षेत्र में मिलकर काम करने के तरीकों पर चर्चा की। अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक गबार्ड, कनाडा के खुफिया विभाग के प्रमुख डेनियल रोजर्स और ब्रिटेन के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जोनाथन पॉवेल दुनियाभर के उन शीर्ष खुफिया अधिकारियों में शामिल हैं, जिन्होंने यहां भारत द्वारा आयोजित सुरक्षा सम्मेलन में हिस्सा लिया। बंद कमरे में हुई इस वार्ता पर कोई आधिकारिक बयान नहीं जारी किया गया है।

#### 'गीता उपदेश से मिलती है शक्ति और शांति'

अमेरिका की राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी ने कहा कि भगवद् गीता में श्रीकृष्ण द्वारा अर्जुन को दी गई शिक्षाएं उन्हें पूरे दिन शक्ति, शांति और आराम देती हैं। भारत दौरे पर आईं तुलसी ने भगवान श्रीकृष्ण के प्रति भक्ति और अपनी आध्यात्मिक साधना के बारे में बात की। गबार्ड ने कहा कि मैं अपने अच्छे और बुरे समय में श्रीमद् भगवद गीता में भगवान श्रीकृष्ण की शिक्षाओं का अनुसरण करती हूं। गबार्ड ने कहा कि मुझे भारत से बहुत प्यार है। जब मैं यहां होती हूं तो मुझे हमेशा घर जैसा महसूस होता है। लोग बहुत स्वागत करने वाले और दयालु हैं। यहां खाना हमेशा स्वादिष्ट होता है। दाल मखनी और ताजा पनीर के साथ कुछ भी स्वादिष्ट होता है।

## एनईपी विवाद में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू ने कहा

# 'दिल्ली में कम्युनिकेशन के लिए हिंदी बेहद जरूरी'

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

तमिलनाडु में जारी भाषा विवाद के बीच आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री और टीडीपी के मुखिया चंद्रबाबू नायडू ने एमके स्टालिन को बड़ा झटका देते हुए कहा है कि हिंदी भाषा से नफरत नहीं की जानी चाहिए। सीएम ने कहा कि जो लोग अपनी मातृभाषा में पढ़ते हैं, वे दुनिया भर में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम धारणा है कि ज्ञान केवल इंग्लिश से ही आता है, लेकिन वे इससे सहमत नहीं हैं। अमरावती में विधानसभा को संबोधित करते हुए नायडू ने कहा, 'भाषा केवल कम्युनिकेशन के लिए होती है। ज्ञान भाषा से नहीं आएगा। केवल वे लोग जो अपनी मातृभाषा में पढ़ते हैं, वे दुनिया भर में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मातृभाषा के जरिये सीखना काफी आसान है।'

### काम के लिए कई भाषाएं सीखनी चाहिए



सीएम ने कहा कि लोगों को अपनी मातृभाषा को बनाए रखते हुए काम के लिए कई भाषाएं सीखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंदी सीखने से दिल्ली में कम्युनिकेशन में मदद मिलेगी। जापान और जर्मनी जैसे देशों की यात्रा करने वाले लोगों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि भारत में उन भाषाओं को सीखने से उन्हें विदेश जाने में आसानी होगी।

#### यह है विवाद

अब इस पूरे मामले पर गौर करें तो यह बहस एनईपी के इर्द-गिर्द घूमती हुई नजर आती है। इसके बारे में तमिलनाडु को डर है कि इससे राज्य में हिंदी थोपी जा सकती है। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने चिंता जाहिर की है कि नीति क्षेत्रीय भाषाओं की तुलना में हिंदी को ज्यादा महत्व देती है। इसकी वजह से राज्य की भाषाई पहचान पर असर पड़ती है। हालांकि, केंद्र सरकार का तर्क है कि एनईपी बहुभाषावाद को बढ़ावा देती है और भाषा शिक्षा में लचीलापन देती है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस बात से इनकार किया है कि हिंदी थोपी जा रही है, उन्होंने कहा कि नीति के तहत राज्यों को अपनी भाषा चुनने की आजादी है।

# संभल के नेजा मेला पर भी लगी रोक

## लुटेरे महमूद गजनवी के सेनापति मसूद गाजी की याद में होता था जलसा

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

यूपी के संभल जिले में सैयद सालार मसूद गाजी के नाम पर लगने वाले 'नेजा मेले' का आयोजन अब नहीं होगा। 'नेजा मेला' कमेटी के लोग अनुमति मांगने एडिशनल एसपी श्रीशचंद्र के पास पहुंचे थे, लेकिन एडिशनल एसपी ने कमेटी को दो टूक मना कर दिया। साथ ही नसीहत देते हुए कहा कि सोमनाथ मंदिर को लूटने वाले, भारत में लूटमार व कत्लेआम मचाने वाले की याद में



किसी भी मेले का आयोजन नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि एक लुटेरे के नाम पर मेले का आयोजन करके आप लोग अभी तक अपराध करते रहे हैं, लेकिन अब ऐसा नहीं चलेगा।

### संभल पुलिस की 'नेजा मेला' कमेटी को दो टूक

संभल के एसएसपी श्रीशचंद्र ने 'नेजा मेला' कमेटी के लोगों से कहा कि सोमनाथ मंदिर को लूटने वाले, लुटेरे-हत्यारे की याद में किसी भी मेले का जिले में नहीं होगा। जो कोई व्यक्ति हत्यारे और लुटेरे के साथ रहेगा वह देश के साथ अपराध कर रहा है। आप लोग लुटेरे के नाम पर मेले का आयोजन करके अपराध करते रहे हैं। जिसने इस लुटेरे के नाम पर मेले का आयोजन किया वह व्यक्ति देशद्रोही की श्रेणी में आएगा। एसएसपी ने कहा कि 'नेजा मेला' एक बुरी कुरीति थी। किसी भी लुटेरे के नाम पर मेले का आयोजन किया जाना पूरी तरह से गलत है। कानून व्यवस्था के चलते इजाजत नहीं दी जा रही है।

## यूक्रेन वॉर

# युद्धविराम पर पुतिन से आज बात करेंगे ट्रंप

एजेंसी ▶▶| वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि वह यूक्रेन में युद्ध की समाप्ति और सीजफायर की आगे की चर्चा के लिए मंगलवार को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन से बात करने की योजना बना रहे हैं। ट्रंप का ये बयान तब आया है जब क्रेमलिन ने सोमवार को कहा कि उसे युद्ध विराम के लिए फौलादी विश्वसनीयता वाली



गारंटी चाहिए। ये गारंटी यह है कि यूक्रेन को नाटो का मेंबर नहीं बनाया जाएगा और कीव तटस्थ राष्ट्र बना रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने संवाददाताओं से कहा, 'हम देखना चाहते हैं कि क्या हम उस युद्ध को समाप्त कर सकते हैं। हो सकता है कि हम कर सकें, हो सकता है कि हम न कर सकें, लेकिन मुझे लगता है कि हमारे पास मंगलवार को राष्ट्रपति पुतिन से बात करने का अच्छा मौका है। सप्ताह के अंत में बहुत सारा काम किया गया है।'

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या..
बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

## मशहूर बॉलीवुड सोशलाइट ने दोस्तों संग की मौजमस्ती

# वैष्णो देवी श्राइन में शराब पार्टी ओरी समेत 8 पर एफआईआर



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

मशहूर सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर और बॉलीवुड के जाने-माने सोशलाइट ओरी यानी ओरहान अवात्रामणि ने ऐसा कांड कर दिया जिसके बाद वह बड़ी मुश्किल में फंस गए हैं। ओरी समेत 8 लोगों के खिलाफ जम्मू में पुलिस केस दर्ज हुआ है। ओरी पर जम्मू के कटरा में 5 स्टार होटल में दोस्तों के साथ शराब पीने का आरोप लगा है। सोशल मीडिया पर कुछ तस्वीरें तेजी से वायरल हो रही हैं जिसमें होटल में शराब रखी दिख रही है, जहां ओरी अपने दोस्तों के साथ मौजूद हैं। जम्मू-कश्मीर पुलिस ने ओरी सहित 8 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

आपको बताते चलें, माता वैष्णोदेवी तीर्थ स्थान के मद्देनजर कटरा में शराब और मीट बेचना, रखना और पीना सख्त मना है। वहीं ओरी पर आरोप हैं की जिस होटल में वह ठहरे थे वहां उन्होंने शराब का सेवन किया, जबकि उन्हें बताया गया था कि होटल परिसर के अंदर शराब और मांसाहारी भोजन की अनुमति नहीं है।

### पवित्रता भंग करने का आरोप

खबर के मुताबिक, 15 मार्च को जम्मू की कटरा पुलिस को शिकायत मिली कि तीर्थ स्थल के पास स्थित एक निजी होटल में कुछ महमानों को नियम उल्लंघन कर शराब पीते पाया गया। इसके बाद पुलिस द्वारा एक टीण का गठन किया गया जिन्होंने होटल पहुंचकर जांच की जहां ओरी के अलावा दर्शन सिंह, पार्थ रैना, रितिक सिंह, राशि दत्ता, रक्षिता भोगल और शगुन कोहली पार्टी कर रहे थे और उनके पास से शराब पाई गई। शिकायत के बाद **SSP** परमवीर सिंह, (रियासी) ने धार्मिक स्थलों की पवित्रता को भंग करने के आरोप में ओरी और उनके दोस्तों पर सख्त कार्रवाई का निर्देश दिया। बता दें, ओरी हाल ही में अपने दोस्तों के साथ वैष्णो देवी मंदिर की यात्रा के लिए निकले थे जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हैं।

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479 0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

मोतियाबिंद आयुष्मान कार्ड सुविधा
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन
सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन
डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

सुविधाएं : मेडिसिन, पॉलीट्रामा, बर्न एण्ड प्लास्टिक लप्रोस्कोपिक सर्जरी, जनरल सर्जरी, स्पाईन एण्ड न्यूरो सर्जरी, आर्थो, कैंसर (कीमोथैरेपी व सर्जरी), स्त्री रोग, जोड़ प्रत्यारोपण
पाल जी स्वास्तिक नर्सिंग होम
बर्न एण्ड पॉलीट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
(आयुष्मान भारत स्कीम के तहत निःशुल्क ईलाज की सुविधा उपलब्ध)
श्यामनगर जल विहार कॉलोनी पानी टंकी के पास तेलीबांधा मरीन ड्राइव के पीछे
मो. 7991031330
मो. 0771-4347172

डॉ. मनोज अग्रवाला
एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट)
स्किन क्लिनिक
सेवाएं • मुहासें • सोरासिस • स्किन एलर्जी • पिगमेंटेशन • विटिलियो / ल्यूकोडरमा • पीआरपी थेरेपी • एलोपेसिया • अर्टीकेरिया • फंगल इंफेक्शन • टैली कंसल्टेशन • लेजर थेरेपी
चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

विज्ञापन हेतु संपर्क करें :
7987119756, 9303508130

बांठिया हॉस्पिटल
राजा तालाब रोड, रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-2425009, 2424737
आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत हार्ट की एंजियोग्राफी, एंजियोप्लास्टी एवं सिरियस मरीजों का ईलाज

## खबर संक्षेप

### एचसीसी टाटा प्रोजेक्टस को मिला 2191 करोड़ का ठेका



**नई दिल्ली।** हिंदुस्तान कंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड ने टाटा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड के साथ साझेदारी में मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 2,191 करोड़ रुपये का ठेका हासिल किया है। 2,191 करोड़ रुपये का यह ठेका एमपीएमआरसीएल के लिए भूमिगत सुरंगों और स्टेशनों सहित 8.65 किलोमीटर लंबे गलियारे के निर्माण के लिए है।

### स्पाइसजेट के संस्थापक सिंह 294 करोड़ रुपए करेंगे निवेश



**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट ने सोमवार को कहा कि उसके संस्थापक अजय सिंह वारंट को इक्विटी शेयरों में बदलकर प्रवर्तक समूह इकाई के जरिये एयरलाइन में 294 करोड़ रुपये निवेश करेंगे। इसके बाद एयरलाइन में प्रवर्तक समूह की हिस्सेदारी बढ़कर 33 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। सिंह एयरलाइन के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक भी हैं।

### रुपया 24 पैसे चढ़कर 86.81 प्रति डॉलर पर



**मुंबई।** घरेलू शेयर बाजारों में सकारात्मक रुख और विदेशी बाजारों में अमेरिकी मुद्रा में कमजोरी के कारण सोमवार को रुपया 24 पैसे उछलकर 86.81 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि अमेरिकी डॉलर में कमजोरी और सकारात्मक वैश्विक बाजारों के कारण रुपया थोड़ा सकारात्मक रुख के साथ कारोबार कर रहा है।

### टैफे ने लक्ष्मी वेणु को वाइस चेयरमैन किया नियुक्त

**नई दिल्ली।** ट्रैक्टर्स एंड फार्म इक्विपमेंट (टैफे) लिमिटेड ने सोमवार को लक्ष्मी वेणु को वाइस-चेयरमैन नियुक्त करने की घोषणा की। टैफे की चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) मल्लिका श्रीनिवासन और टीवीएस मोटर कंपनी के मानद चेयरमैन वेणु श्रीनिवासन की बेटी लक्ष्मी वेणु वर्तमान में टैफे की निदेशक हैं।

### मंडियों में आवक बढ़ने से तेल-तिलहन में गिरावट

**नई दिल्ली।** होली की लंबी छुट्टियों के बाद मंडियों में दो-तीन से रुकी आवक के बढ़ने के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में सोमवार को सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तेल के थोक दाम में गिरावट दर्ज हुई। जबकि विदेशी तेलों में आई गिरावट का असर सूरजमुखी और पामोलीन से कम दाम वाले बिनौला तेल और मूंगफली तेल-तिलहन कीमतों पर नहीं दिखा और इनके दाम अपरिवर्तित रहे।

## जनवरी में थोक महंगाई 2.31 प्रतिशत पर थी

# सब्जी, तेल व पेय पदार्थ महंगे होने से थोक महंगाई बढ़कर 2.38 प्रतिशत पर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

इस साल फरवरी में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति मामूली रूप से बढ़कर 2.38 प्रतिशत हो गई। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। जनवरी में थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति 2.31 प्रतिशत के स्तर पर थी।

लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में मामूली वृद्धि देखी गई। सब्जी, तेल और पेय जैसे विनिर्मित खाद्य पदार्थ महंगे होने के कारण फरवरी, 2025 में महंगाई बढ़ी। एक साल पहले फरवरी, 2024 में थोक कीमतों पर आधारित मुद्रास्फीति 0.2 प्रतिशत थी।

### कपड़ा आदि के मूल्यों में भी बढ़ोतरी

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने बयान में कहा कि फरवरी, 2025 में मुद्रास्फीति की दर में हुई वृद्धि मुख्य रूप से खाद्य उत्पादों, खाद्य वस्तुओं, अन्य विनिर्मित वस्तुओं, गैर-खाद्य वस्तुओं और कपड़ा आदि के मूल्यों में वृद्धि के कारण है। कुल मिलाकर विनिर्मित उत्पाद सूचकांक फरवरी में 0.42 प्रतिशत बढ़ा।

### खाद्य मुद्रास्फीति में गिरावट आने की संभावना

इक्रा के वरिष्ठ अर्थशास्त्री राहुल अग्रवाल ने कहा कि आने वाले वक्त में अच्छी फसल और ऊंचे आधार प्रभाव से डब्ल्यूपीआई-खाद्य मुद्रास्फीति में और गिरावट आने की उम्मीद है। उन्होंने साथ ही जोड़ा कि सामान्य से अधिक तापमान खाद्य मुद्रास्फीति के लिए जोखिम पैदा करता है। उन्होंने कहा कि इक्रा को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2025-26 में डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति औसतन 2.5-3 प्रतिशत रहेगी।

- लगातार तीन माह की गिरावट के बाद डब्ल्यूपीआई में वृद्धि
- फरवरी में महंगाई खाद्य वस्तुएं महंगी होने से बढ़ी
- पेय पदार्थों की महंगाई मामूली रूप से 1.66 फीसदी बढ़ी



### वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि

विनिर्मित खाद्य उत्पादों की मुद्रास्फीति बढ़कर 11.06 प्रतिशत हो गई, वनस्पति तेल में 33.59 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि पेय पदार्थों की मुद्रास्फीति महीने के दौरान मामूली रूप से बढ़कर 1.66 प्रतिशत हो गई। हालांकि, सब्जियों की कीमतों में नरमी आई और आलू की मुद्रास्फीति 74.28 प्रतिशत से घटकर 27.54 प्रतिशत पर आ गई।

### होलसेल प्राइस इंडेक्स का आम आदमी पर असर

थोक महंगाई के लंबे समय तक बढ़े रहने से ज्यादातर उत्पादक क्षेत्र पर इसका बुरा असर पड़ता है। अगर थोक मूल्य बहुत ज्यादा समय तक ऊंचे स्तर पर रहता है तो प्रोड्यूसर इसका बोझ कंज्यूमर्स पर डाल देते हैं।

### डब्ल्यूपीआई में ज्यादा भार मेटल व केमिकल का होता है

जैसे कच्चे तेल में तेज बढ़ोतरी की स्थिति में सरकार ने ईंधन पर एक्साइज ड्यूटी कटौती की थी। हालांकि, सरकार टैक्स कटौती एक सीमा में ही कम कर सकती है। डब्ल्यूपीआई में ज्यादा वेटेज मेटल, केमिकल, प्लास्टिक, रबर जैसे फैक्ट्री से जुड़े सामानों का होता है।

### फल व प्याज की कीमतें बढ़ी

दूध की कीमतों में वृद्धि पिछले महीने के 5.40 प्रतिशत से घटकर 1.58 प्रतिशत पर आ गई। फलों और प्याज की कीमतें क्रमशः 20 प्रतिशत और 48.05 प्रतिशत बढ़ीं। ईंधन और बिजली श्रेणी में फरवरी में 0.71 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। जबकि पिछले महीने इसमें 2.78 प्रतिशत की गिरावट आई थी।

# आईपीएल से पहले जियो की जियोहॉटस्टार सेवा मुफ्त




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

- नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मिलेगी मुफ्त सेवा
- सेवा का लाभ उठाने 299 रुपए से अधिक का रिचार्ज कराना होगा

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) शुरू होने के साथ ही, दूरसंचार कंपनी जियो ने जियो के ऐसे मौजूदा और नए ग्राहकों को 90 दिन के लिए मुफ्त जियोहॉटस्टार सेवा की घोषणा की है, जो 299 रुपये या उससे अधिक का प्लान चुनते हैं या रिचार्ज करते हैं।

अभी से 31 मार्च, 2025 के बीच 299 रुपये (1.5 जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ रिचार्ज करने वाले मौजूदा जियो सिम उपयोगकर्ता इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे। इनके अलावा, वे लोग भी इस पेशकश का लाभ उठा पाएंगे, जो इस अवधि के दौरान 299 रुपये (1.5जीबी/दिन या अधिक) या उससे अधिक प्लान के साथ नया जियो सिम लेते हैं। आधिकारिक बयान के अनुसार, "...क्रिकेट प्रेमियों के लिए, जियो ने मौजूदा और नए जियो सिम ग्राहकों के लिए एक विशेष पेशकश की घोषणा की है। सिर्फ़ एक जियो सिम और 299 रुपये या उससे ज़्यादा के प्लान के साथ, ग्राहक अभूतपूर्व क्रिकेट सीज़न का बेहतरीन अनुभव कर सकते हैं।" इसमें कहा गया है कि घर के लिए 50 दिन का मुफ्त जियोफाइबर/एयरफाइबर ट्रायल कनेक्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

### ऐड-आन पैक भी चुन सकते हैं

जिन ग्राहकों ने 17 मार्च से पहले रिचार्ज किया है, वे 100 रुपये का 'ऐड-ऑन' पैक चुन सकते हैं। जियो हॉटस्टार पैक 22 मार्च, 2025 (क्रिकेट सीजन के शुरुआती मैच के दिन) से 90 दिन की अवधि के लिए सक्रिय हो जाएगा।

# घरेलू शेयर बाजार की गिरावट थमी, सेंसेक्स 341 अंक चढ़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

वैश्विक बाजारों में तेजी और बैंकिंग शेयरों में लिवाली से सोमवार को घरेलू शेयर बाजार पांच दिन की गिरावट से उबरने में सफल रहे।

- वैश्विक बाजारों में तेजी दर्ज की गई
- बैंकिंग शेयरों में खरीदारी तेज रही
- निफ्टी में 112 अंक की तेजी दर्ज

सेंसेक्स में 341 अंक और निफ्टी में करीब 112 अंक की तेजी दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 341.04 अंक चढ़कर 74,169.95 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 547.44 अंक उछलकर 74,376.35 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी 111.55 अंक बढ़कर 22,508.75 अंक पर पहुंच गया। पिछले सप्ताह तगड़ी बिकवाली का सामना करने वाले इंडसइंड बैंक का शेयर भारतीय रिजर्व बैंक के आश्वासन के बाद 5.30 प्रतिशत तक उछलने के बाद 0.72 प्रतिशत की बढ़त पर बंद हुआ।

शनिवार को रिजर्व बैंक ने ग्राहकों को आश्वस्त किया था कि निजी क्षेत्र के इस बैंक के पास पर्याप्त पूंजी उपलब्ध है।



*एशिया के बाजार सकारात्मक दायरे में बंद : एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग सकारात्मक दायरे में बंद हुए। यूरोप के बाजार दोपहर के सत्र में बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुक्रवार को अमेरिकी बाजार तेजी के साथ बंद हुए थे।*

### इन शेयरों में रही घट-बढ़

सेंसेक्स की कंपनियों में से बजाज फिनसर्व, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एक्सिस बैंक, बजाज फाइनेंस, अदाणी पोर्ट्स, आईसीआईसीआई बैंक, जोमैटो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में प्रमुख रूप से तेजी रही। इसके उलट, आईटीसी, नेस्ले, भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के शेयरों में गिरावट का रुख रहा।

### मारुति तीसरी बार बढ़ाएगी कार की कीमतें, 1 अप्रैल 2025 से लागू होंगे नए रेट

**नई दिल्ली ।** देश की सबसे बड़ी कार कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड (एमएसआईएल) ने सोमवार को ऐलान किया कि वह 1 अप्रैल, 2025 से अपनी कारों की कीमतों में 4 फीसदी तक की बढ़ोतरी करेगी। यह निर्णय बढ़ती इनपुट लागत और बढ़ते ऑपरेशनल एक्सपेंसेस के जवाब में लिया गया है। इससे कंपनी की लाभ प्रभावित हो रही थी।

इस साल जनवरी और फरवरी के बाद भारत की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी द्वारा अपने वाहनों की कीमतों में बढ़ोतरी की घोषणा तीसरा की है। जनवरी 2025 में कंपनी ने कार की कीमतों में 4 प्रतिशत की बढ़ोतरी की थी। दिसंबर 2024 में इसकी घोषणा की गई थी। वहीं, फरवरी में भी कार की कीमतों में इतनी ही बढ़ोतरी की गई थी।

घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि वह कच्चे माल के दाम बढ़ने की वजह से अपने वाणिज्यिक वाहनों की कीमतों में अप्रैल महीने से दो प्रतिशत तक की बढ़ोतरी करेगी। कंपनी के वाणिज्यिक वाहनों की कीमतें एक अप्रैल, 2025 से दो प्रतिशत तक बढ़ जाएंगी।

# फरवरी में बांड म्यूचुअल फंड से 6,525 करोड़ रुपए की निकासी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

बांड आधारित म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपए की निकासी हुई, जबकि पिछले महीने इस खंड में 1.28 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था।

समीक्षाधीन महीने में कम अवधि के फंड में जोरदार निकासी हुई। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों के मुताबिक, इस दौरान 16 में 10 बांड म्यूचुअल फंड श्रेणियों ने शुद्ध निकासी दर्ज की। छोटी अवधि में निकासी के बावजूद, बांड फंड में महत्वपूर्ण आवंटन जारी है, और आने वाले महीनों में बाजार की स्थितियां बेहतर होने के साथ प्रवाह स्थिर हो सकता है। आंकड़ों के अनुसार, इस निकासी के बावजूद, बांड म्यूचुअल फंड का परिसंपत्ति आधार फरवरी के अंत में मामूली रूप से बढ़कर 17.08 लाख करोड़ रुपये हो गया, जो जनवरी के अंत में 17.06 लाख करोड़ रुपये था।

आंकड़ों के अनुसार, बांड म्यूचुअल फंड में फरवरी में 6,525 करोड़ रुपये की निकासी हुई, जबकि इससे पिछले महीने इसमें 1.28 लाख करोड़ रुपये का प्रवाह हुआ था।




- पिछले महीने इस खंड में 1.28 लाख करोड़ का प्रवाह हुआ था

*नियत आय काफी हद तक नकारात्मक रही*

*टाटा एसेट मैनेजमेंट के मुख्य कारोबार अधिकारी आनंद वरदराजन ने कहा, "नकदी और कॉरपोरेट बांड श्रेणियों को छोड़कर, नियत आय काफी हद तक नकारात्मक रही।"*

# शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13 प्रतिशत बढ़ा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




- कर संग्रह 16 मार्च तक बढ़कर 21.26 लाख करोड़

चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अबतक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.13 प्रतिशत बढ़कर 21.26 लाख करोड़ रुपये से अधिक रहा है। सोमवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इसमें अग्रिम कर संग्रह में वृद्धि का प्रमुख योगदान रहा। सरकार ने अग्रिम कर की चार किस्तों से 14.62 प्रतिशत वृद्धि के साथ 10.44 लाख करोड़ रुपये जुटाए हैं, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा 9.11 लाख करोड़ रुपये था। चालू वित्त वर्ष के लिए अग्रिम कर भुगतान की अंतिम किस्त 15 मार्च, 2025 को देय थी। कॉरपोरेट कर श्रेणी के तहत अग्रिम कर संग्रह 12.54 प्रतिशत बढ़कर 7.57 लाख करोड़ रुपये हो गया, जबकि गैर-कॉरपोरेट श्रेणी में अग्रिम कर संग्रह 20.47 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 2.87 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। आयकर अधिनियम की धारा 208 के अनुसार, जिस व्यक्ति की अनुमानित कर देयता 10,000 रुपये से अधिक होने की संभावना है (स्रोत पर कर कटौती और संग्रह - टीडीएस और टीसीएस पर विचार करने के बाद) उसे उस वर्ष अग्रिम कर का भुगतान करना आवश्यक है। इसमें वेतनभोगी करदाता भी शामिल हैं।अग्रिम कर का भुगतान वित्त वर्ष की समाप्ति से पहले उस आय पर किया जाना चाहिए जो उस वर्ष अर्जित की गई होगी। अग्रिम कर का भुगतान चार किस्तों- वित्त वर्ष के दौरान 15 जून, 15 सितंबर, 15 दिसंबर और 15 मार्च में किया जाता है।




### शालीमार पेंट्स ने सेबी से कर मामला निपटाया

**नई दिल्ली।** शालीमार पेंट्स लिमिटेड के मामले में अधिग्रहण मानकों के कथित उल्लंघन से संबंधित कार्यवाही को 34 इकाइयों ने सेबी को 3.04 लाख रुपये का भुगतान कर सुलझा लिया है। उन्होंने कथित उल्लंघनों के लिए शुरू की जा सकने वाली प्रवर्तन कार्यवाही को भुगतान कर निपटाने का प्रस्ताव दिया था। सेबी ने अपने निपटान आदेश में कहा, "आवेदकों (उर्वी जिंदल के साथ मिलकर काम करने वाले व्यक्तियों) के संबंध में शुरू कार्यवाही का निपटान किया जाता है। बाजार नियामक ने शालीमार पेंट्स के इक्विटी शेयरों के अधिग्रहण के लिए हेला इन्फ्रा मार्केट प्राइवेट लिमिटेड की तरफ से दायर मसौदा पेशकश की जांच करते समय अनियमितता पाई थी।

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**निविदा - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
**Website- www.cgmsc.gov.in**

**छत्तीसगढ़ में जिला स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए जोनल अनुबंध हेतु निविदा राशि रू.98.00 लाख**

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in क्र./15933/निर्माण/2025 दिनांक 13/03/2025

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | जिला का नाम | निविदा आमंत्रण |
|---|---|---|---|
| 1 | 10328 | सारंगढ़-बिलाईगढ़ | द्वितीय |
| 2 | 10329 | दंतेवाड़ा | तृतीय |
| 3 | 10330 | नारायणपुर | तृतीय |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 19/03/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 03/04/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-43247/1 — अधीक्षण अभियंता

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग, कांकेर मण्डल, कांकेर

Email - sepwdkanker.2010@rediffmail.com/se.kanker@nic.in, Fax No. 07868-224040

**-: ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना :-**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित भवन कार्य हेतु दिनाँक 01.04.2025 समय 17:30 बजे तक ऑनलाईन (Online) निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. | एन.आई.टी. नंबर | टेण्डर नंबर | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 01 | 134 | 165931 | अनुविभाग पखांजूर मे कर्मचारियों हेतु 02 नग "एच" टाईप एवं 02 नग "जी" टाईप आवासगृह निर्माण कार्य। | 49.66 लाख |

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट बेव पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय बेवसाईट https://eproc.cgstate.gov.in से डाऊनलोड की जा सकती है। डाउनलोड करने की अंतिम तिथि- 01.04.2025 है।

नोटः- प्रथम आमंत्रण

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग, कांकेर
मण्डल कांकेर

G-242505987/1

## छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विसेज कार्पोरेशन लिमिटेड, रायपुर

**निविदा - ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा आमंत्रण सूचना (निर्माण प्रकोष्ठ)**
**Website- www.cgmsc.gov.in**

**ब्लॉक स्तर पर विभिन्न निर्माण कार्य के लिए जोनल अनुबंध हेतु निविदा राशि रू.95.00 लाख**

Main portal - http://eproc.cgstate.gov.in क्र./15941/निर्माण/2025 दिनांक 13/03/2025

| स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | ब्लॉक का नाम | स.क्र. | नि.आ.सू.क्र. | ब्लॉक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर संभाग (तृतीय निविदा) | | | दुर्ग संभाग (तृतीय निविदा) | | |
| 1 | 10333 | पेण्ड्रा | 2 | 10334 | सहसपुर लोहारा |
| बस्तर संभाग (तृतीय निविदा) | | | | | |
| 3 | 10335 | दुर्गकोन्दल | 6 | 10338 | अन्तागढ़ |
| 4 | 10336 | फरसगांव | 7 | 10339 | बड़ेराजपुर |
| 5 | 10337 | माकड़ी | | | |
| बस्तर संभाग (पंचम निविदा) | | | | | |
| 8 | 10340 | जगदलपुर | 12 | 10344 | कटेकल्याण |
| 9 | 10341 | बस्तानार | 13 | 10345 | भैरमगढ़ |
| 10 | 10342 | दरभा | 14 | 10346 | भोपालपट्टनम |
| 11 | 10343 | कुआकोण्डा | 15 | 10347 | उसूर |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी उपरोक्त वेबसाइट पर दिनांक 20/03/2025 से देखी जा सकती है। जिसकी अंतिम तिथि दिनांक 31/03/2025 तक है। निविदा में भाग लेने हेतु अमानत राशि, निविदा प्रक्रिया शुल्क एवं निविदा संबंधित सभी दस्तावेज आनलाईन स्वीकार की जावेगी।

S-43255/1 — अधीक्षण अभियंता

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त) - दो, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत वितरण कंपनी मर्यादित, रायपुर

**प्रेस विज्ञप्ति**

दिनांक 12.03.2025 को नगर वृत्त - 2 के अंतर्गत 33/11 के.व्ही. गोंदवारा विद्युत उपकेन्द्र में पॉवर ट्रांसफार्मर की क्षमता को 5 से 8 एम. वी. ए वृद्धि का कार्य मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना के तहत सफलतापूर्वक उर्जीकृत किया गया।

इस कार्य के संपन्न होने से खमतराई क्षेत्र के निवासियों को सुदृढ़ विद्युत व्यवस्था से निर्बाध विद्युत उपलब्ध रहेगी। **(महेश कुमार ठाकुर) (कर्म.सं.-09511023)**

अधीक्षण अभियंता (नगर वृत्त - 2)
छ.स्टे.पॉ.डिस्ट्री.कं.लि. रायपुर

S- 43258/2

## कार्यालय जिला पंचायत, जिला - गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)

E-mail- zilapanchayat-gpm@cg.gov.in, zp.drda.gpm@gmail.com

क्र./5274/स्था./जि.पं./2024-25, गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही, दिनांक 17/03/2025

**-:: प्रेस विज्ञप्ति ::-**

पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत नवीन जिला गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही में जिला ग्रामीण विकास प्रशासन योजना, जिला पंचायत गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही अंतर्गत जिला स्तर पर तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के रिक्त 10 पदों हेतु लेखापाल / सहायक वर्ग - 02 के 01 पद, शीघ्रलेखक पद, सहायक वर्ग -03 के 04 पद, वाहन चालक के 01 पद, भृत्य के 02 पद एवं चौकीदार के 01 पद तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत जिला पंचायत गौरेला - पेण्ड्रा - मरवाही हेतु जिला / विकासखण्ड स्तर पर रिक्त क्षेत्रीय समन्वयक के 02 पद, लेखा सह एम.आई.एस. सहायक के 01 पद पर संविदा नियुक्ति हेतु आवेदन निर्धारित प्रारूप में पंजीकृत डाक/ स्पीड पोस्ट के माध्यम से कार्यालय जिला पंचायत गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में आवेदन करने की अंतिम तिथि **दिनांक 25.03.2025** को कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक आमंत्रित किया जाता है।

विज्ञापित पदों की भर्ती के लिए विज्ञापन की प्रति, आवेदन पत्र का प्रारूप व विस्तृत नियम एवं शर्तें जिला प्रशासन गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही के बेवसाइट **www.gaurela-pendra-marwahi.cg.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी
जिला पंचायत गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही (छ.ग.)

S-43242/2

## छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग कार्यालय कार्यपालन अभियंता जल संसाधन संभाग, सूरजपुर, जिला- सूरजपुर (छ.ग.)

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
**eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**(प्रथम आमंत्रण)**

निम्नलिखित कार्यों के लिये दिनांक 02.04.2025, (17.30 बजे) तक ऑनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है

| सिस्टम निविदा क्र. / निविदा सूचना क्र./ दिनांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत |
|---|---|---|
| सि.नि.क्र. 165876 नि.सू.क्र. 20/वलेलि./2024-25 दिनांक : 12.03.2025 | खोरमा में बाढ़ नियंत्रण कार्य । | रू. 267.28 लाख |
| सि.नि.क्र. 165877 नि.सू.क्र. 21/वलेलि./2024-25 दिनांक : 12.03.2025 | जजावल एनीकट का निर्माण कार्य । | रू.280.95 लाख |
| सि.नि.क्र. 165879 नि.सू.क्र. 22/वलेलि./2024-25 दिनांक : 12.03.2025 | मानी जलाशय का जीर्णोद्धार कार्य साथ में बंड मरम्मत, सी.सी. लाईनिंग, व्ही. आर.बी., क्रास ड्रेनेज और आउटलेट निर्माण कार्य । | रू. 213.72 लाख |

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **19.03.2025** समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है ।

**नोट**:- 1. निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।
2. निविदा की अनुमानित लागत एस. ओ. आर. 01.08.2010 (संशोधित 01.08.2022)

कार्यपालन अभियंता
जल संसाधन संभाग, सूरजपुर (छ.ग.)
कृते मुख्य अभियंता हसदेव गंगा कछार
जल संसाधन विभाग, अंबिकापुर (छ.ग.)

G-242505986/2

## महामुकाबले में लिवरपूल को 1-2 से मिली रोमांचक हार

# न्यूकासल बना इंग्लिश लीग कप चैंपियन, घरेलू टूर्नामेंट जीतने का 70 साल का इंतजार खत्म

एजेंसी ▶▶| लंदन



न्यूकासल ने लिवरपूल को 2-1 से हराकर इंग्लिश लीग कप जीता और इस तरह से किसी घरेलू टूर्नामेंट को जीतने का 70 साल से चला आ रहा इंतजार खत्म किया। डैन बर्न और एलेक्जेंडर इसाक ने रविवार को वेम्बली में खेले गए फाइनल में न्यूकासल की तरफ से गोल करके उसकी जीत पक्की की। लिवरपूल के स्थानापन्न फेडेरिको चियासा ने इंजरी टाइम में गोल किया लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए। न्यूकासल के कप्तान ब्रूनो गुइमारेस ने कहा, '70 साल बाद अब हम कह सकते हैं कि हम फिर से चैंपियन हैं। यह मेरे जीवन के सबसे अच्छे दिनों में से एक है।' इससे पहले न्यूकासल की आखिरी प्रमुख घरेलू ट्रॉफी 1955 में एफए कप थी। उसने 1969 में इंटर-सिटीज़ फेयर्स कप जीता था। यह टूर्नामेंट अब बंद हो चुका है।

## बार्सिलोना ने एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराया



**मैड्रिड।** बार्सिलोना ने दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करके एटलेटिको मैड्रिड को 4-2 से हराकर स्पेनिश लीग फुटबॉल टूर्नामेंट ला लिगा में फिर से पहला स्थान हासिल कर लिया। एटलेटिको 72 मिनट तक दो गोल से आगे था लेकिन वह इसका फायदा नहीं उठा पाया। बार्सिलोना ने इसके बाद चार गोल किए। इनमें से दो गोल उसने इंजरी टाइम में किए। इस जीत से बार्सिलोना के 27 मैच में 60 अंक हो गए हैं। रियल मैड्रिड के 28 मैच में 60 अंक है और गोल अंतर के कारण वह दूसरे स्थान पर है। एटलेटिको यह मैच हारने के कारण तीसरे स्थान पर बना हुआ है। उसके 28 मैच में 56 अंक हैं।

## गोकुलम केरला ने नौ खिलाड़ियों पर सिमटे नामधारी एफसी को हराया


**श्री भैनी साहिब।** गोकुलम केरला एफसी ने नौ खिलाड़ियों तक सिमटी नामधारी एफसी को सोमवार को 3-1 से हराकर आई लीग फुटबॉल 2024-25 खिताब जीतने की ओर कदम बढ़ा दिए। थाबिसो ब्राउन (57वां मिनट), एडामा नियाने (81वां) और इगनासियो एबेलेडो (92वां) ने गोकुलम के लिये गोल दागे जबकि नामधारी के लिये एकमात्र गोल मनवीर सिंह ने 63वें मिनट में किया। गोकुलम ने अब अपने घरेलू मैदान से बाहर लगातार तीन मैच जीत लिए हैं। इस जीत के बाद अब वह 19 मैचों में 31 अंक लेकर चौथे स्थान पर है। शीर्ष पर चर्चिल ब्रदर्स उससे तीन अंक आगे है जिसके पास एक ही मैच बचा है। गोकुलम को अभी तीन मैच और खेलने हैं। नामधारी एफसी के डिफेंडर सुखनदीप सिंह को 27वें मिनट में दूसरा पीला कार्ड मिलने से टीम के दस ही खिलाड़ी मैदान पर रह गए। इसके बाद 60वें मिनट में असंतोष जताने वाले क्लेडसन कार्वाल्हो डासिल्वा को भी लालकार्ड दिखाया गया।

## अध्यक्ष पद के लिए अजय सिंह को कलिता-भंडारी से मिलेगी चुनौती

**नई दिल्ली।** लगातार तीसरी बार अध्यक्ष बनने की कवायद में लगे भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के मौजूदा प्रमुख अजय सिंह को इस खेल महासंघ के 28 मार्च को होने वाले बहु प्रतीक्षित चुनाव में महासचिव हेमंत कलिता और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी की चुनौती का सामना करना होगा। अजय सिंह स्पाइसजेट एयरलाइंस के अध्यक्ष भी हैं और उनके नाम का प्रस्ताव उत्तराखंड मुक्केबाजी संघ ने किया। अध्यक्ष पद के लिए उनका मुकाबला असम मुक्केबाजी संघ के सचिव कलिता और हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष भंडारी से होगा। भंडारी ने उत्तर क्षेत्र के उपाध्यक्ष पद के लिए भी आवेदन किया है, जो वर्तमान में उनके पास है।

## मीरा एंड्रीवा और जैक ड्रेपर बने इंडियन वेल्स में चैंपियन

एजेंसी ▶▶| इंडियन वेल्स



रूस की किशोरी मीरा एंड्रीवा ने अपना स्वप्निल प्रदर्शन जारी रखते हुए विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को 2-6, 6-4, 6-3 से हराकर बीएनपी परिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट में महिला एकल का खिताब जीता।

इस 17 वर्षीय खिलाड़ी ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी की और 1999 में सेरेना विलियम्स के बाद टूर्नामेंट की सबसे कम उम्र की चैंपियन बन गई। पुरुष वर्ग के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त ब्रिटेन के जैक ड्रेपर ने डेनमार्क के 12वीं वरीयता प्राप्त होल्गर रून को 6-2, 6-2 से हराकर अपनी पहली मास्टर्स 1000 चैंपियनशिप जीती। ड्रेपर 23 वर्ष के हैं और इस जीत से वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल हो गए हैं। उन्होंने शनिवार को सेमीफाइनल में दो बार के गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को हराया था।

## पीएसएल को ठुकराकर आईपीएल खेलेंगे ऑलराउंडर बॉश

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



इंडियन प्रीमियर लीग के 18वें सीजन की 22 मार्च से शुरुआत हो रही है। इससे पहले सभी फ्रेंचाइजियों ने तैयारी शुरू कर दी है। साउथ अफ्रीका के ऑलराउंडर कॉर्बिन बॉश को मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2025 के लिए रिप्लेसमेंट के तौर पर अपने स्क्वॉड में शामिल किया है। उन्होंने चोटिल लिजाद विलियम्स की जगह ली। ऐसे में बॉश ने पाकिस्तान सुपर लीग को छोड़ दिया था। अब पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने बॉश को लीगल नोटिस भेजा है। पीसीबी ने कॉर्बिन बॉश को अनुबंध संबंधी दायित्वों के उल्लंघन का आरोप लगाते हुए कानूनी नोटिस भेजा है। यह पहला सीजन है जिसमें पीएसएल का आईपीएल के साथ ओवरलैप होगा। आईपीएल 22 मार्च से 25 मई तक चलेगा और पीएसएल 11 अप्रैल से 18 मई तक चलेगा।


## कैपिटल्स ने डुप्लेसी को बनाया उप कप्तान



**नई दिल्ली।** दिल्ली कैपिटल्स ने 22 मार्च से शुरू होने वाले आईपीएल के लिए दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज फाफ डुप्लेसी को सोमवार को उप कप्तान नियुक्त किया। दिल्ली की टीम ने इससे पहले शुक्रवार को भारतीय ऑलराउंडर अक्षर पटेल को कप्तान नियुक्त किया था। डुप्लेसी ने कहा, 'मैं बहुत उत्साहित हूं। दिल्ली की टीम शानदार है और खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं। निश्चित तौर पर मैं खुश और तैयार हूं।' यह 40 वर्षीय खिलाड़ी आईपीएल के पिछले तीन सत्र में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु का कप्तान रहा।

## आईपीएल से पहले बिका गुजरात टाइटंस टॉरेंट ग्रुप ने खरीदी 67 फीसदी हिस्सेदारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



अहमदाबाद स्थित कारोबारी समूह टॉरेंट ग्रुप ने सोमवार को कहा कि उसने आईपीएल के नए सत्र की शुरुआत से पहले गुजरात टाइटंस की फ्रेंचाइजी टीम में 67 प्रतिशत बहुलांश हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा कर लिया है। टॉरेंट ग्रुप ने एक बयान में कहा कि गुजरात टाइटंस में 67 प्रतिशत हिस्सेदारी की खरीद को भारतीय क्रिकेट बोर्ड सहित सभी आवश्यक मंजूरी मिल गई है। टॉरेंट ग्रुप ने गुजरात टाइटंस की नियंत्रक हिस्सेदारी को इरेलिया कंपनी पीटीई लिमिटेड से हासिल किया है जिसका स्वामित्व फिलहाल निजी इक्विटी कोष सीवीसी के पास है। स्वास्थ्य सेवा और ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े समूह ने बयान में कहा, 'जरूरी शर्तों को पूरा करने के साथ ही अब अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा हो गया है।' हालांकि, लेन-देन के हिस्से के रूप में इरेलिया के पास 33 प्रतिशत की अल्पांश हिस्सेदारी बनी रहेगी।






# कूनो में चीता संरक्षण को नई उड़ान, गामिनी और उसके शावक खुले जंगल में करेंगे विचरण

एजेंसी ▶▶| श्योपुर

मध्यप्रदेश के कूनो राष्ट्रीय उद्यान (केएनपी) में मादा चीता 'गामिनी' और उसके चार शावकों को सोमवार को जंगल में छोड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि गामिनी और उसके चार शावकों को जंगल में छोड़े जाने के बाद केएनपी में खुले में विचरण करने वाले चीतों की संख्या बढ़कर 17 हो गयी है, जबकि नौ चीते बाड़ों में हैं। अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक उत्तम कुमार शर्मा ने एक बयान में बताया कि दक्षिण अफ्रीकी मादा चीता 'गामिनी' और उसके चार शावकों (दो नर और दो मादा, उम्र 12 महीने) को श्योपुर जिले के खजुरी वन क्षेत्र में सफलतापूर्वक छोड़ा गया है और सभी चीते स्वस्थ हैं।

### गामिनी ने छह शावकों को दिया था जन्म

अधिकारियों के अनुसार, गामिनी ने 10 मार्च 2024 को छह शावकों को जन्म दिया था, लेकिन बाद में दो शावकों की मौत हो गई थी। इससे पहले, 21 फरवरी को चीता 'ज्वाला' और उसके चार शावकों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान के जंगल में छोड़ा गया था।




### पीएम ने की थी परियोजना की शुरुआत

पर्यटन क्षेत्र में चीतों को छोड़े जाने के बाद अब आगंतुकों को सफारी के दौरान चीतों को देखने का अवसर मिल सकता है। यादव ने 'एक्स' पर लिखा कि सफारी के दौरान पर्यटकों को चीतों को उनके प्राकृतिक आवास में देखने का अवसर मिलेगा जिससे पर्यटकों की संख्या में निश्चित ही वृद्धि होगी। मध्यप्रदेश सरकार वन्यजीव संरक्षण और पर्यटन को नयी ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए संकल्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 17 सितंबर 2022 को नामीबिया से लाए गए आठ चीतों को कूनो राष्ट्रीय उद्यान में छोड़कर चीता पुनर्वास परियोजना की शुरुआत की थी।

### चीता संरक्षण की दिशा में एक और कदम

यह कदम भारत सरकार और मध्य प्रदेश सरकार की उस बड़ी योजना का हिस्सा है, जिसके तहत देश से खत्म हो चुके चीतों को दोबारा लाने की कोशिश हो रही है। कई साल पहले भारत में चीते खत्म हो गए थे। अब विदेश से चीते लाकर उन्हें जंगलों में छोड़ा जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर गामिनी और उसके शावक जंगल में अच्छे से रह पाए, तो यह योजना और मजबूत होगी। इससे आने वाले समय में चीतों की संख्या और बढ़ सकती है।

## खबर संक्षेप

### जाली नोट के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**सूरत**। गुजरात के सूरत में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से कुल 9000 रुपए की जाली मुद्रा बरामद की गई। गुप्त सूचना के आधार पर अधिकारियों ने शहर के पुना इलाके में एक अपार्टमेंट पर छापा मारा और खानपान व्यवसाय से जुड़े विजय चौहान (27) एवं सुरेश लाठीदड़िया (55) को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में से एक सुरेश लाठीदड़िया पर जाली नोट से संबंधित तीन मामले दर्ज हैं, जिनकी जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण कर रहा है। लाठीदड़िया ने पश्चिम बंगाल के एक वांछित आरोपी से छह लाख रुपए मूल्य के ये जाली नोट दो लाख रुपए में खरीदे थे।

### प्रेमी के साथ मिलकर पति को मार डाला

**बिजनौर**। उत्तर प्रदेश के बिजनौर जिले में एक महिला ने अपने प्रेमी और उसके साथियों के साथ मिलकर पति का अपहरण कराने के बाद उसकी हत्या करवा दी। इस मामले में महिला और उसके प्रेमी समेत सभी नौ आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं। महिला का पति उसके अवैध संबंध में कथित तौर पर बाधा बन रहा था। जिले के थाना शिवाला कलां के गांव शहबाजपुर की पारुल ने थाने में 14 मार्च को अर्जी दी कि उसका पति मकेन्द्र (36) एक दिन पूर्व 13 मार्च की शाम को दवा लेने गया, मगर वापस नहीं लौटा और उसकी स्कूटी गांव के बाहर खड़ी मिली है।1

### आरोपी को भेजा गया जेल, नाबालिग को सीडब्ल्यूसी को सौंपा

# नाबालिग को भगाकर एक साल से देवरीखुर्द में रह रहा था बांग्लादेशी युवक, गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

नागपुर के एनजीओ की सक्रियता से पुलिस ने बांग्लादेश से नाबालिग को भगाकर पिछले एक साल से देवरीखुर्द में किराए के मकान में रहने वाले युवक को पकड़ा गया है। पुलिस ने बलात्कार पाक्सो एक्ट, पासपोर्ट अधिनियम के तहत युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं नाबालिग को सीडब्ल्यूसी को सौंप दिया गया है। बांग्लादेशी युवक पिछले एक साल शहर में रह रहा था और पुलिस को भनक नहीं लगी।

- एनजीओ की सक्रियता से पुलिस ने पकड़ा

तोरवा पुलिस के अनुसार, 19 जून 2023 को बांग्लादेश में रहने वाली एक नाबालिग लापता हो गई थी। पतासाजी करने पर जानकारी हुई एक युवक उसे लेकर भागा है। अपराध कायम कर बांग्लादेश पुलिस दोनों की पतासाजी कर रही थी। जांच के दौरान पता चला कि नाबालिग व युवक भागकर भारत आ गए हैं। बांग्लादेश के एनजीओ ने नागपुर के फ्रीडम फर्म नामक एनजीओ से संपर्क कर घटना की जानकारी दी। एनजीओ के सदस्यों के द्वारा नाबालिग व युवक की तलाश की जा रही थी। काफी मशक्कत के बाद एनजीओ के सदस्यों को जानकारी हुई दोनों तोरवा देवरीखुर्द में किराए के मकान में रह रहे हैं। एनजीओ के सदस्यों ने एसपी रजनेश सिंह से मिलकर घटना की जानकारी दी। एसपी श्री सिंह के निर्देश पर 17 मार्च को तोरवा टीआई अभय सिंह बैस ने एंजियों के सदस्यों के साथ देवरीखुर्द में दबिश देकर नाबालिग व हदोय कुमार शर्मा पिता रिपोन शर्मा 20 साल तोरफ नोआपारा, उपजिला जंशोर बांग्लादेश निवासी को पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उनके पास कोई भी दस्तावेज नहीं मिले। कड़ाई बरतने पर दोनों ने बांग्लादेश से भागकर शादी करने के बाद पिछले एक साल से यहां किराए के मकान में रहना स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने अपराध क्रमांक 122/ 25 धारा 141, 143, 143, 4, 64, 2, 4, 6 पाक्सो एक्ट व पासपोर्ट अधिनियम 1964 की धारा 14 एबी के तहत युवक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। वहीं नाबालिग लड़की को सीडब्ल्यूसी को सुरक्षार्थ रखने सौंप दिया गया है।

### टेंट का काम कर रहा था युवक

युवक नाबालिग को भगाने के बाद देवरीखुर्द में आकर झोपड़ीनुमा मकान में रहकर टेंट लगाने का काम कर गुजर बसर कर रहा था। मजेदारबात यह है कि वे बिना वीजा पासपोर्ट के यहां एक साल से रहे थे और पुलिस को भनक तक नहीं लगी। वहीं पुलिस को मकान मालिक की जानकारी तक नहीं है, जिसने उन्हें यहां रहने के लिए शरण दी थी।



**बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार, गया जेल**

> बांग्लादेश से नाबालिग को भगाकर युवक पिछले एक साल से देवरीखुर्द में किराए के मकान में रह रहा था। युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। नाबालिग को सीडब्यूसी में सुरक्षार्थ रखा गया है। दोनों के पकड़े जाने की जानकारी भारत सरकार एमबीसी को भेजा रहा है।
>
> अभय सिंह बैस तोरवा टीआई

### बड़ी संख्या में रह रहे बाहरी प्रदेश के लोग

बताया है देवरीखुर्द अटल आवास व हाउसिंग बोर्ड कालोनी में बड़ी संख्या में बाहरी प्रदेश के लोग रह रहे हैं। बड़ी संख्या में बाहर प्रदेश के लोग किराए के मकान में रहकर काम कर रहे हैं। इसी तरह गणेशनगर चुचुहियापारा में भी बड़ी संख्या में बाहरी प्रदेश के किराए के मकान में रहकर फेरी लगाने का काम कर रहे हैं, न तो मकान मालिकों के द्वारा किराएदारों की जानकारी दी जा रही है और न ही पुलिस बाहरी प्रदेश के लोगों की जानकारी ले रही है।

### भारत सरकार को भेजी जा रही जानकारी

तोरवा पुलिस ने बांग्लादेशी नाबालिग व युवक के पकड़े जाने की जानकारी डीएसबी शाखा को दी। डीएसबी के अधिकारी ने दोनों से यहां आने के संबंध में जानकारी दी। डीएसपी शाखा से नाबालिग को सीडब्ल्यूसी में सुरक्षार्थ रखने व युवक के जेल जाने की जानकारी राज्य सरकार व भारत सरकार एमबीसी को भेजा रहा है।

### हरियाणा के सीएम सैनी ने पेश किया बजट

# लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 5000 करोड़



**चंडीगढ़**। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में लाडो लक्ष्मी योजना के क्रियान्वयन के लिए 5,000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री, जो वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाल रहे हैं, आज यहां हरियाणा विधानसभा के चल रहे बजट सत्र के दौरान 2025-26 का बजट पेश करने उपरांत पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने चुनाव के दौरान अपने संकल्प पत्र में 'लाडो लक्ष्मी योजना' के तहत महिलाओं को 2,100 रुपए प्रति माह की वित्तीय सहायता देने का संकल्प लिया था। हमने इसके क्रियान्वयन के लिए तैयारी कर ली है। इस महत्वाकांक्षी योजना को लागू करने के लिए मानदंड बनाकर इसकी रूपरेखा को अंतिम रूप देने का कार्य किया जा रहा है। हमने अपने संकल्प पत्र में जो वादा किया है, यही प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की गारंटी है। हमारा उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि प्रत्येक पात्र गरीब महिला को इस योजना के तहत वित्तीय सहायता मिले। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सभी क्षेत्रों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध है। इस योजना के लिए अगर जरूरत पड़ी तो राशि आवंटन को और भी बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार सभी क्षेत्रों में महिला सशक्तिकरण के लिए सार्थक प्रयास कर रही है।

### कर्ज में आई कमी

सीएम सैनी ने कहा कि कर्ज में आई कमी राज्य की वित्तीय सेहत से जुड़े एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि विपक्षी सदस्य अक्सर आरोप लगाते थे कि राज्य कर्ज में डूबा हुआ है। उन्होंने कहा कि जब हमने 2014 में सत्ता की बागडोर संभाली थी, उस समय के ऋण और वर्ष 2024-25 के ऋण में काफी कमी आई है, जो दर्शाता है कि हम कुशल वित्तीय प्रबंधन के जरिए इस कर्ज को कम करने में कामयाब रहे हैं।

## शाह से मिले पूर्व विस अध्यक्ष पांडेय

**रायपुर**। छत्तीसगढ़ के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय ने नई दिल्ली प्रवास के दौरान केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से सौजन्य मुलाकात की।



## थाने में जमानत लेने आए पार्षद को फिर भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

जमानत लेने पहुंचे भिलाई के एक भाजपा पार्षद को पुलिस ने एक पुराना मामला बताकर दोबारा गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस मामले में हाईकोर्ट ने याचिकाकर्ता की पिटीशन पर धारा 482 के तहत सुनवाई करते हुए जमानत प्रदान कर दी। इस आदेश को डिस्ट्रिक्ट जज दुर्ग को प्रेषित कर उसे 24 घंटे में जेल से छोड़े जाने का आदेश दिया। भिलाई में हुए एक मामले में कश्मा यादव ने गत 21 मार्च 2023 को धारा 420 ० 34 के तहत एन धनराजू व अरविन्द भाई के खिलाफ एफ आई आर वैशाली नगर थाने में दर्ज कराई थी। इसे ही एक आरोपी एन धनराजू ने हाईकोर्ट में चुनौती दी। इसी मामले में वर्तमान याचिकाकर्ता संतोष उर्फ जालंधर सिंह भाजपा पार्षद को भी आरोपी बनाया गया था। हाईकोर्ट ने गत 29 जनवरी 2025 को डीजीपी और दुर्ग एसपी से इस बात पर शपथपत्र मांगा कि अब तक जांच पूरी क्यों नहीं हो सकी है। दुर्ग एसपी ने जो व्यक्तिगत शपथपत्र दिया उससे कोर्ट ने असंतुष्ट होकर नामंजूर कर दिया। इसके बाद कोर्ट ने डीजीपी से शपथपत्र मांगा। 21 फरवरी 2025 को शपथपत्र पेश कर बताया गया कि जिन पुलिस अधिकारियों ने जांच को लंबित रखा और देरी की उनके खिलाफ कार्रवाई की जा रही है।

- हाईकोर्ट ने दिया 24 घंटे में रिहा करने का आदेश

## अधिग्रहित जमीन का इस्तेमाल नहीं तो लौटाया जाएगा

**नई दिल्ली**। राजमार्ग मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को कहा कि सरकार राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में संशोधन करने पर विचार कर रही है। इसके तहत राजमार्ग विकास के लिए अधिग्रहित भूमि के टुकड़े का पांच साल तक उपयोग नहीं होने की स्थिति में उसे जमीन के मूल मालिक को लौटाया जा सकेगा। अधिकारी ने कहा कि यदि राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम के तहत अधिग्रहीत भूमि का उपयोग नहीं किया गया है, तो मौजूदा कानून के तहत इसे गैर-अधिसूचित करने का कोई प्रावधान नहीं है। उन्होंने कहा, भूमि को गैर-अधिसूचित करने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग अधिनियम में संशोधन अब मंत्रिमंडल और संसद के पास जाएगा।




# युवती बालिग और सहमति तो यौन शोषण नहीं माना जा सकता


**बिलासपुर**। फेसबुक से 2018-2019 में युवती की युवक से पहचान हुई, पहचान दोस्ती में बदला व प्रेम संबंध हो गया। युवक ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण किया। बाद में शादी से इंकार कर दिया। निचली अदालत से आरोपी के दोषमुक्त होने के खिलाफ पीड़िता ने हाईकोर्ट में अपील पेश की। हाईकोर्ट ने पीड़िता के बालिग होने एवं उसकी सहमति से संबंध बनाने के आधार पर अपील को खारिज करते हुए निचली अदालत के निर्णय को यथावत रखा है।

- युवती की अपील खारिज, आरोपी युवक का दोषमुक्ति आदेश बरकरार

अभियोजन के अनुसार पीड़िता ने 26 अप्रैल 2023 को पुलिस अधीक्षक बेमेतरा को यौन शोषण का शिकायत की। शिकायत में कहा गया कि उसकी फेसबुक के माध्यम से आरोपी से 5-6 वर्ष पूर्व पहचान हुई थी। इसके बाद दोस्ती हो गई। शादी का झांसा देकर इसी दौरान बार बार शारीरिक संबंध बनाया गया, जिससे युवती दो बार गर्भवती हुई। शादी करने के लिए कहने पर उसने 25 लाख रुपए की मांग की और मना कर दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर चालान पेश किया। बेमेतरा एफटीसी अदालत ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त किया।

### युवती बालिग, कभी विरोध भी नहीं किया

इसके खिलाफ पीड़िता ने हाईकोर्ट में अपील की। हाईकोर्ट ने अपील में सुनवाई उपरांत अपने आदेश में कहा कि साक्ष्यों के अवलोकन से पीड़िता और आरोपी के बीच प्रेम संबंध होना प्रतीत होता है। युवती एक सहमति वाली पार्टी थी क्योंकि वह साथ रही थी। पीड़िता द्वारा उसके साथ रहने व ले जाने के दौरान कोई प्रतिरोध नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त, निर्विवाद रूप से, पीड़िता की उम्र 23 वर्ष है। एफआईआर दर्ज करने में लगभग दो वर्ष की देरी है। रिकॉर्ड से पता चलता है कि उनके रिश्ते की अवधि के दौरान, अभियोक्ता स्वयं आरोपी को अपने साथ शारीरिक संबंध बनाने की अनुमति दी है। इसमें उसकी अपनी इच्छा और सहमति रही। इसी आधार पर हाईकोर्ट ने युवती की अपील को खारिज करते हुए आरोपी के दोषमुक्ति आदेश को यथावत रखा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com